वैदिक संस्कार

कनिष्ठ सहायक

व्यावसायिक पाठ्यक्रम स्तर 2.5

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन (म.प्र.)

(शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार)

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड

वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण, पो. ऑ. जवासिया, उज्जैन - 456006 (म.प्र.)

Phone : (0734) 2502266, 2502254, E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website - www.msrvvp.ac.in

वैदिक संस्कार कनिष्ठ सहायक

प्रधान सम्पादक

प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल्

सचिव

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड

लेखकगण

श्री स्वप्निल मोहनराव पाठक
घनान्त (शिक्षक शुक्लयजुर्वेद माध्यन्दिन)

श्री आनन्द रत्नाकर जोशी
घनान्त (शिक्षक शुक्लयजुर्वेद काण्व)

डॉ. गोविन्द प्रसाद शर्मा, ज्योतिषाचार्य
एम०ए०, एम० फिल०, पी०एचडी०(शैक्षिक सहायक)

प्रधान संयोजक

डॉ.अनूप कुमार मिश्र

सहायक निदेशक, प्रकाशन एवं शोध अनुभाग

आवरण एवं सज्जा : श्री शैलेन्द्र

तकनीकी सहयोग एवं टङ्कण : श्री नरेन्द्र सोलंकी

© महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रिय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जयिनी

ISBN :
मूल्य :
संस्करण : 2024
प्रकाशित प्रति PDF
प्रकाशक : महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रिय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षामन्त्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था)
वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण, पो. ऑ. जवासिया, उज्जैन - 456006 (म.प्र.)
Email: msrvvpujn@gmail.com, Web: msrvvp.ac.in
दूरभाष (0734) 2502255, 2502254

भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पाठ्यचर्या एवं राष्ट्रीय कौशल भारत मिशन का उद्देश्य शिक्षण विकास एवं प्रशिक्षण के द्वारा शिक्षार्थियों का सर्वांगीण विकास कर रोजगार प्रदान करना है। महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन सदैव शैक्षिक नवाचार के क्षेत्र में अग्रसर रहा है अतः आदर्श वेद विद्यालयों, पाठशालाओं एवं भारत के विद्यालयों में वैदिक कौशल विकास शिक्षण एवं प्रशिक्षण के द्वारा अनेकानेक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है, जिससे शिक्षार्थी प्रशिक्षण के ज्ञानार्जन द्वारा स्वयं को अद्यतन एवं जागृत कर सकेंगे तथा इसके विषय ज्ञान का लाभ अपने दैनन्दिन जीवन के साथ-साथ आजीविका प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।

वैदिक संस्कार कनिष्ठ सहायक पाठ्यपुस्तक में इकाईयों के विषयों को विविध आयामों के साथ सहज एवं प्रभावी तरह से प्रस्तुत किया गया है लेकिन फिर भी **कोई दोष हों तो हमें सूचित अवश्य** करें क्योंकि हमारा परम उद्देश्य वैदिक सिद्धान्तों के आधार पर वैदिक ज्ञान को कौशल विकास के माध्यम से जन-जन पहुँचाना है। अतः पाठ्य पुस्तकों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विद्वानों के समस्त सुझावों का स्वागत है।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

प्राक्कथन

संस्कार दो प्रकार के होते हैं- देव संस्कार और ब्रह्म संस्कार, **"द्विविधो हि संस्कारो भवति ब्राह्मो दैवश्चेति"**।। (हारीतस्मृति) **"गर्भाधानादि स्मार्तोः ब्राह्म स्नानान्त इति"**। (हारीत) गर्भाधानादि षोडश संस्कारों को ब्रह्म संस्कार कहा जाता है। **"पाकयज्ञा हविर्यज्ञाः सौम्याश्च देवा इति"**। हारीत् पाकयज्ञ, हविर्यज्ञ सोमयज्ञादि प्रत्येक सप्त- सप्त याग देव संस्कार हैं। इन दोनों प्रकार के संस्कारों से संस्कृत द्विजाति त्रिविध तापों से (आधिभौतिक, आध्यात्मिक, आधिदैविक) विमुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करता है।

यह वैदिक संस्कार ग्रन्थ अध्ययन कर्ताओं के लिए सुलभ सोपान है, इस पुस्तक में मुख्यतः तीन संस्कारों का प्रयोग दिया हैं और तत्सम्बन्धित विषयों का परिचय भी प्रस्तुत किया गया है।

प्रथम इकाई में वेद परिचय, शाखाओं का परिचय। द्वितीय इकाई में प्रत्येक शाखा के गृह्य एवं सूत्रान्तर्गत प्रतिपादित विषय। तृतीय इकाई में वैदिक संस्कार परिचय संस्कार शब्द का अर्थ एवं उनके उद्देश्य और प्रारम्भिक परिचय। चतुर्थी इकाई में वैदिक दिनचर्या, पाँचवीं इकाई में संस्कारों की पूजन विधि तथा पूर्वसिद्धता गणेशादि पूजन से नांदीश्राद्धान्त पंचाङ्ग पूजन। षष्ठ इकाई में जातकर्म संस्कार एवं काल निर्णय, शिशु को सुवर्ण शलाका से त्रिमधु प्रासन्न एवं जननशौच निर्णय। सप्तम इकाई के अन्तर्गत नामाकरण संस्कार, चतुर्विध नाम और महत्त्व। आठवीं इकाई में संस्कारों के मुहूर्त्त सम्बन्धी ज्ञान के लिए पंचाङ्ग परिचय, संस्कारों के शुभाशुभ मुहूर्त्त का परिज्ञान (तिथि,वार,नक्षत्र,योग एवं करण)। दशम इकाई में जातकर्मादि संस्कारों का मूल प्रयोग पाठ एवं सूत्रपाठ तथा पूजन विधि प्रयोग आदि समाहित है।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान द्वारा राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् के मान्यता प्राप्त अनुभवी संगठनों के द्वारा वेद सम्बन्धी छात्रों को रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण देने हेतु यह योजना प्रारम्भ की है। इस योजना का सभी वेदप्रेमियों को लाभ हो एवं वेदों का उत्तरोत्तर प्रचार हो ऐसी वेदभगवान के चरणों में प्रार्थना।

आनन्द रत्नाकर जोशी

।। श्रीः।।

इकाई-1 वेद परिचय

1.1 **वेद शब्दार्थ**- वेद शब्द का अर्थ ही है ज्ञान और इस तरह वेद सकल ज्ञान-विज्ञान की निधि हैं। परा और अपरा दोनों विद्याओं का निरूपण करते हैं यही मनु का उद्घोष है कि सर्वज्ञानमयो हि सः' (सः) वह वेद (सर्वज्ञानमयः) सभी प्रकार के ज्ञान से युक्त हैं। मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन वेदों से ओतप्रोत है। धर्म, खगोल विज्ञान, गणित, मौसम विज्ञान, अर्थशास्त्र, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, चिकित्सा, प्रौद्योगिकी, कृषि, दर्शन, योग, शिक्षा, काव्यशास्त्र, व्याकरण, भाषा विज्ञान, राजनीतिशास्त्र, शिल्पशास्त्र, सैन्यप्रशिक्षण आदि विषय वेदों में उपलब्ध है। इनकी उपयोगिता सार्वकालिक, सार्वदेशिक एवं सार्वजनक है अतः इन वेदों के अध्ययन पर बल दिया गया और भौतिक विज्ञान के इस अत्यन्त समुन्नत युग में भी वेदों के कारण आज भी हमारी भारतीय संस्कृति संसार में पूजनीय ही नहीं विश्वगुरु के महनीय पद पर प्रतिष्ठित है, जिसके द्वारा धर्म-अर्थ-काम-मोक्षादि-पुरुषार्थ-चतुष्टय की सिद्धि होती है वही वेद है। "विद् - ज्ञाने' इति धातोः घञ्-प्रत्यय से निष्पन्न यह वेद शब्द ज्ञान राशि, ज्ञान का द्योतक है। व्याकरण के अनुसार शब्दार्थ का निर्णय करें तो वेद शब्द की निष्पत्ति सत्ता, ज्ञान, विचार और लाभ इन चार धातुओं निष्पन्न कर सकते हैं। जैसा कि सिद्धान्तकौमुदी में वर्णन हैं-

सत्तायां विद्यते ज्ञाने वेत्ति विन्ते विचारणे।

विन्दते विन्दति प्राप्तौ ॥

- **विद् सत्तायाम् (दिवादि-गणे)**- जिसके द्वारा वस्तु के यथार्थ स्वरुप का ग्रहण हो, वही वेद है।
- **विद् ज्ञाने (अदादि-गणे)** - जिसके द्वारा धर्म एवं ब्रह्म का ज्ञान हो, वह वेद है।
- **विद् विचारणे (रुधादि-गणे)** –जिसके द्वारा धर्म और ब्रह्म का विचार किया जाए, वह वेद है।
- **विद्लृ लाभे (तुदादि-गणे)**- जिसके द्वारा ब्रह्म के स्वरूप का ज्ञान हो, वह वेद है।

वेद के पर्यायवाची - यथा- (1) श्रुतिः (2) निगमः (3) आगमः (4) त्रयी (5) छन्दः(6) स्वाध्यायः (7) आम्नायः।

शब्दार्थ की तरह अनेक विद्वानों ने वेद शब्द के नाना अर्थ भी प्रदान किए हैं यथा-

आचार्य सायण-

- ❖ अपौरुषेयं वाक्यं वेद:।
- ❖ इष्ट प्राप्ति अनिष्ट परिहारयोः अलौकिकम् उपायं यः ग्रन्थो वेदति स वेदः ।

आचार्य यास्क-पुरुषविद्याऽनित्यत्वात् कर्मसम्पत्तिर्मन्त्रे वेदे।

स्वामी दयानन्दसरस्वती- विन्दन्ति जानन्ति विद्यन्ते भवन्ति विन्ते विचारयन्ति विदन्ते लभन्ते सर्वे

प्रातिशाख्यम्- विद्यन्ते धर्मादयः पुरुषार्था यैः ते वेदाः।

आचार्य आपस्तम्ब- मन्त्रब्राह्मणयोः वेदनामधेयम्।

1.2 **वेदों के उपवेद**- ऋग्वेद का उपवेद वैद्यविद्या बोधक 'आयुर्वेद', यजुर्वेद का उपवेद शस्त्रविद्या विषयक 'धनुर्वेदः', सामवेद का उपवेद गानविद्या अवबोधक ' गान्धर्ववेदः' एवं अथर्ववेद का उपवेद शिल्पविद्या अवबोधक 'स्थापत्य वेद ' है।

1.3 **वेदों का अपौरुषेयत्व** - वेद भारतीय एवं विश्व साहित्य के उपलब्ध सबसे प्राचीन ग्रन्थ हैं, इनसे पहले का कोई भी अन्य ग्रन्थ अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। अतः कहा जाता है कि वेद सम्पूर्ण संसार के पुस्तकालयों की पहली पोथी हैं और भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के तो वेद प्राचीनतम एवं सर्वाधिक मूल्यवान् धरोहर हैं, हमारे स्वर्णिम अतीत को अच्छी तरह प्रकाशित करने वाले विमल दर्पण वेद ही तो हैं।

वेदों का स्वरूप-

वेद अपौरुषेय एवं नित्य हैं। भारतीय परम्परा के अनुसार इन वेदों की रचना नहीं हुई है बल्कि हमारे पूर्वज ऋषियों ने अपनी सतत साधना तपश्चर्या से ज्ञान राशि का साक्षात्कार किया है और प्रत्यक्ष दर्शन करने के कारण इनकी संज्ञा 'ऋषि' है-ऋषिर्दर्शनात् (दर्शनात्) दर्शन, साक्षात्कार करने के कारण (ऋषिः) ऋषि कहते हैं। ऋषयोः मन्त्रद्वष्टारः (मन्त्रद्रष्टारः) मन्त्रों को देखने वाले (ऋषयः) ऋषिलोग युग के प्रारम्भ में हुए। अर्थात् साक्षात्कृतधर्माणः ऋषयो बभूवुः (साक्षात्कृतधर्माणः) धर्म-धारकतत्त्व सत्य का साक्षात्कार करने वाले (ऋषयः) ऋषिलोग (बभूवुः) युग के प्रारम्भ में हुए। प्रत्यक्ष किए जाने के कारण वेद प्रतिपादित ज्ञान सर्वथा संदेहरहित निर्दोष, अत एव प्रामाणिक हैं। इनमें किसी भी प्रकार के मिथ्यात्व की सम्भावना नहीं है। अतः वेदों का स्वतः प्रामाण्य है, अपनी पुष्टि प्रामाणिकता के लिए वेद किसी के

आश्रित नहीं हैं। वेदों का सर्वाधिक महत्त्व इसी बात में है कि इनके द्वारा स्थूल-सूक्ष्म निकटस्थ दूरस्थ, अन्तर्हित व्यवहित, साथ ही भूत, वर्तमान, भविष्यत् त्रैकालिक समस्त विषयों का नि:संदिग्धा निश्चयात्मक ज्ञान होता है। अतः भगवान् मनु ने वेदों को सनातन चक्षु कहा है। यह अनुपम ज्ञाननिधि सुदूर प्राचीन काल से आज तक अपने उसी रूप में सुरक्षित चली आ रही है। इसमें एक भी अक्षर यहाँ तक कि एक मात्र का भी जोड़ना-घटाना सम्भव नहीं है। आठ प्रकार के पाठों से यह वेद पूर्णतः सुरक्षित है।

1.4 वेदों का महत्त्व एवं वेदाध्ययन की उपयोगिता- भौतिक विज्ञान के इस प्रकर्ष युग में वेद सर्वथा प्रासंगिक हैं। इनका अध्ययन सर्वतोभावेन-सभी प्रकार से उपयोगी है, क्योंकि मानव का सम्पूर्ण जीवन वेदों से अनुप्राणित ओतप्रोत है। मनुष्य का मुख्य प्रयोजन है सुख की प्राप्ति और इसकी सिद्धि में वेद सर्वथा उपकारक हैं। वेदों के सुप्रसिद्ध व्याख्याकार आचार्य सायण का कथन है कि इष्ट की प्राप्ति तथा अनिष्ट के परिहार के उपाय वेदों में ही मिलते हैं। इस तरह लौकिक अभ्युदय तथा निःश्रेयस दोनों प्रयोजनों की सिद्धि वेदों से होती है। वास्तव में वेद एक सुव्यवस्थित समन्वित जीवन परियोजना प्रस्तुत करते हैं। एक-एक दिन का खण्ड-खण्ड करके नहीं, अपितु मानव जीवन की समग्रता व सम्पूर्णता पर यहाँ विचार किया गया है। केवल वर्तमान जीवन को सुखी बनाना ही उद्देश्य नहीं है, अपितु भावी जीवन को और अधिक सुखमय बनाना है, अमृतत्व की प्राप्ति करना है और वेद तो अमृतत्वसिद्धि के संविधान हैं। मृत्यु के भय से छुटकारा दिलाकर वेद ही हमें अमरता का बोध कराते हैं।

अमृतपुत्रा वयम् - हम सभी अमृतपुत्र हैं। इस प्रकार वेद परमसुखमयी आह्लादमयी जीवन दृष्टि प्रस्तुत करते हैं: **इहैव स्तं मा वि यौष्टं विश्वमायुर्व्यश्नुतम् । क्रीळन्तौ पुत्रैर्नप्तृभिर्मोदमानौ स्वे गृहे॥** (ऋग्वेद 10.85.42) विवाह के पवित्र माङ्गलिक अवसर पर नव दम्पती को प्रदान किया गया यह शुभ आशीर्वचन है। यह संसार सुखमय है। सुख प्राप्ति के लिए इसे छोड़ कर कहीं अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं है। सभी प्रकार का वास्तविक सच्चा सुख यहीं पर है। हे यजमानदम्पति! तुम दोनों (इह-एव) यहीं पर (स्तम्) रहें। (मा) मत (वियौष्टं) वियुक्त अलग हों। (विश्वम् आयुः) सम्पूर्ण आयु 100 वर्ष (वि अश्नुतम्) प्राप्त करों। (पुत्रैः) पुत्रों के साथ (नृप्तृभिः) पौत्रं के साथ (क्रीडन्तौ) खेलते हुए (मोदमानौ) प्रमुदित होते हुए (स्वे गृहे) अपने गृह में (स्तम्) रहो। रुग्ण दुःखी-दीन होकर नहीं अपितु बलवान् बलिष्ठ अंगों से बराबर

कार्य करते हुए 100 वर्ष तक जीवित रहने की कामना की गई है। **जीवेम शरदः शतम्** (शरदः शतम्) सौ वर्ष (जीवेम) हम जीवित रहें।

भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।

स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवांसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ।। (ऋग्वेद 1.89.8)

(देवाः) हे देवगण (कर्णेभिः) कानों से (भद्रं) मंगल-शुभ (शृणुयाम) हम सुनें। (यजत्राः) हे यजनीय-पूजनीय देवगण (अक्षिभिः) आँखों से (भद्र) मंगलशुभ (पश्येम) हम देखें। (स्थिरैः अंगै तनूभिः।) बलिष्ठ अंगो से युक्त शरीरों से (तुष्टुवांसः) प्रार्थना करते हुए (देहहितं) देव-निर्धारित (यद् आयुः) जो (सौ वर्ष की) आयु है (वि-अशेम) हम अच्छी तरह प्राप्त करें अर्थात् इस अवधि में रोगी न होवें, बराबर नीरोग रहें और ऋषि कामना करते हैं कि कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः (इह) इस लोक संसार में (कर्माणि) (निर्धारित) कार्यों को (कुर्वन् एव) करते हुए-सम्पन्न करते हुए (शतं समाः) सौ वर्ष तक (जिजीविषेत्जीवित रहने की इच्छा करनी चाहिए और केवल 100 वर्ष तक ही नहीं, अपितु इससे भी अधिक जीवित रहने की बात कही गई है - भूयश्च शरदः शतात् (शतात् शरदः भूयः) और सौ वर्ष से अधिक जीवित रहें।

हमारे वैदिक ऋषियों ने तो विश्वायु विश्वधात्री विश्वकर्मा, जबतक चाहे तब तक जीवित रहने की, सब कुछ धारणा करने की और सब कुछ करने की बात कही है। वास्तव में मानव-शरीर कर्मभूमि है और कर्म ही जीवन है तथा सिद्धिः कर्मजा-विजयश्री की प्राप्ति कर्म से होती है, अतः कर्म करने पर बल दिया गया है तथा कार्य को कभी भविष्य के लिए नहीं टालना चाहिए क्योंकि मनुष्य के कल की बात को कौन जानता है।

न श्वः श्वमुपासीत। को हि मनुष्यस्य श्वो वेद। ऋषि अथर्वन् का बहुत ही प्रेरणास्पद कथन है कि हमारा यह शरीर ही देवपुरी अयोध्या है, इसमें सभी देवता निवास करते हैं, यह अपराजेय ज्योतिर्मय है। इस पुरी में स्थित आत्मा ही परमदेव, परमात्मा है। इस पुरी का राजा है -**अष्टचक्रा नवद्वारा देवानांपूरयोध्या** (अष्टचक्रा) आठ चक्रों (नवद्वारा) नव द्वारों वाला हमारा यह शरीर ही (देवानां) देवताओं की (पूः) पुरी (अयोध्या) अयोध्या-अपराजेय है। इसलिए यह शरीर सर्वतोभावेन रक्षणीय है, इसको स्वस्थ एवं स्वच्छ बनाए रखना है।

मनुष्यशरीर की ब्रह्माण्ड, यज्ञशाला, ऋषि आश्रम, तीर्थ एवं स्वराज्य रूप में अवधारणा वेदों के सुप्रख्यात व्याख्याकार पं. श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ने अपनी व्याख्या में मानवशरीर को ही विशेष महत्त्व प्रदान किया है। सकल ब्रह्माण्ड अंश रूप में इस शरीर में विद्यमान है। अतः जो कुछ ब्रह्माण्ड में है, वह इस शरीर में भी है। हमारा शरीर ही यज्ञशाला है। शरीर के भीतर होने वाली समस्त क्रियाएँ यज्ञीय क्रिया-कलापों के समान हैं। मानव शरीर ही ऋषियों का आश्रम एवं तीर्थ स्थल है। इस प्रकार से उन्होंने शरीर की पावनता पर बल दिया है। भावों, विचारों तथा ज्ञान से अपने इस शरीर की पवित्रता को बनाए रखना है।

सप्तऽऋषयः प्रतिहिताः शरीरे सप्तरक्षन्ति सदमप्रमादम्॥ (यजुर्वेद 34.55)

(शरीरे) मानव शरीर में (सप्त ऋषयः) सप्त ऋषि (प्रतिहिता) स्थापित विद्यमान हैं। (सप्त) सातों ऋषि (सदम्) शरीर रूपी घर की (अप्रमादम्) बिना प्रमाद के सावधानीपूर्वक (रक्षन्ति) रक्षा करते हैं।

पं. सातवलेकर ने मानव शरीर को अपना स्वराज्य बतलाया है। यह शरीर ही रत्नादि से परिपूरित अपराजेय देव पुरी अयोध्या है और स्वकीय आत्मा ही इस स्वराज्य का राजा है। शरीर रूपी यह स्वराज्य सभी को सहज स्वाभाविक रूप से प्राप्त है। धनवान अथवा निर्धन हो, सभी व्यक्तियों का अपना स्वराज्य है और आत्मा रूपी राजा का शासन इस पर चलना चाहिए। इस प्रकार मनुष्य को अपने शरीर के महत्त्व का बोध कराया गया है।

वेदों में पारिवारिक/सामाजिक जीवन दृष्टि- मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, वह एकाकी, अकेले नहीं, अपितु परिवार में, समाज में रहता है और सुखमय जीवनयापन करना मनुष्य की सहज स्वभाविक अभिलाषा होती है। एतदर्थ वेदों में पारिवारिक एवं सामाजिक व्यवस्था का बहुत ही सुन्दर चित्रण किया गया है। सुख समृद्धि की प्राप्ति हेतु ही ऋषियों ने चार प्रत्यक्ष देवों को प्रस्तुत किया है। देव का अभिप्राय ही है जिनसे हमें वांछित फल की प्राप्ति होती है। देवों दानात् (दानात) दान, इच्छित फल प्रदान करने के कारण ही (देवः) देव (कहते हैं)। प्रत्यक्ष देवता चार (4) हैं -

1. माता
2. पिता
3. आचार्य
4. अतिथि

मातृदेवो भव। पितृदेवो भव। आचार्यदेवो भव। अतिथिदेवो भव। तैत्तिरीयोपनिषद् शिक्षावल्ली में विद्याध्ययन की सम्पूर्ति पर गुरुकुल से घर जाने वाले छात्रों को दिया गया यह उपदेश सभी मनुष्यों को इन प्रत्यक्ष देवों की सेवा शुश्रूषा के लिए प्रेरित कर रहा है। पारिवारिक-सामाजिक बन्धन को सुदृढ़ एवं प्रगाढ़ कर रहा है। इनकी सेवा करने से निश्चित रूप से अभीष्ट की सिद्धि होती है।

सच्चा सुख तो वास्तव में परिवार में है। अकेले रहने में कोई सुख नहीं है। अतः भगवती वेद श्रुति कहती है कि प्रारम्भ में वह परमात्मा अकेला था, उसे कुछ अच्छा नहीं लगा- **एकाकी स न रेमे**

तत्पश्चात् उन्होंने पुनः संकल्प किया कि मैं अकेला हूँ, बहुत हो जाऊँ, प्रजाओं की सृष्टि करू **एकोऽहं बहु स्याम, प्रजायेय** इस तरह उस एक परमात्मा ने आत्मरमणार्थ, क्रीडा के लिए नामरूपात्मिका इस सृष्टि की रचना की। सृष्टि की रचना करके वह परमात्मा इसमें प्रवेश कर गया, इसलिए सच्चिदानन्द परमात्मा से उद्भूत यह सृष्टि आनन्द बहुला है - **तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्रावशत्** (वह परमात्मा) (तत् सृष्ट्वा) उस जगत् की रचना करके (तद् एव अनु प्र-अविशत्) उसी में प्रवेश कर गया। (सर्वं खल्विदं) ब्रह्म, (इदं सर्वं) यह सब कुछ (खलु) निश्चित रूप से (ब्रह्म) ब्रह्म है, इसका यही अभिप्राय है कि सच्चा सुख जो प्रत्येक मनुष्य को अभीष्ट है, गृहस्थ जीवन में है एवं वेद गृहस्थ जीवन का बहुत ही रमणीय वर्णन प्रस्तुत करते हैं कुटुम्ब के सभी सदस्यों में परस्पर सौहार्द सौमनस्य सहयोग का भाव होवे, प्रेमपूर्वक मधुर वाणी बोलते हुए मिलजुल कर एक साथ रहने की, एक साथ चलने तथा मिल कर कार्य करने के निर्देश वेदों में प्राप्त होते हैं। सभी का भोजन एक साथ हो, आपस में द्वेष-अलगाव की भावना न हो और इस प्रकार अभीष्ट लक्ष्य को सिद्ध करने के लिए प्रेरित किया गया है। माता-पिता, भाई-बहनों और पत्नी के परस्पर व्यवहार की विधि-रीति वेदों से प्राप्त होती है -

अनुव्रतः पितुः पुत्रो मात्रा भवतु संमनाः।

जाया पत्ये मधुमतीं वाचं वदतु शन्तिवाम् ।।(अथर्ववेद 3.30.2)

(पुत्रः) पुत्र (पितुः) पिता के (अनुव्रतः) अनुकूल आचरण वाला (भवतु) हो। (मात्रा) माता (संमनाः) सभी सन्तानों के प्रति समान मन-स्नेह वाली (भवतु) हो (जाया) पत्नी (पत्ये) पति के प्रति (मधुमतीं) मधुर-मीठी (शन्तिवाम्) शान्ति सुख प्रदान करने वाली (वाचं) वाणी (वदतु) बोले।

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्मा स्वसारमुत स्वसा।

सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया।। (अथर्व. 3.30.3)

(भ्राता) एक भाई (भ्रातारं) दूसरे भाई से (मा द्विक्षत्) द्वेष न करे। (उत) और (स्वसा) एक बहन (स्वसारम्) दूसरी बहन से (द्वेष न करें) यहाँ पर वेद पारिवारिक सुख-शान्ति और समृद्धि के लिए एक सद्व्यवहार की प्रेरणा दे रहा है। यह सर्वथा सार्थक है। पुत्र के लिए आवश्यक है कि वह अपने पिता के विचारों को जान कर तदनुसार कार्य करें, वह आज्ञाकारी होवे। माता ममता स्नेह की मूर्ति होती है, उसकी गोद को पहली पाठशाला कहा गया है। सभी सन्तानों के प्रति उसका स्नेह वात्सल्य होना चाहिए। वेद में पत्नी को ही घर कहा है।

जायेदस्तम् (जाया) पत्नी (इत्) ही (अस्तम्) घर है। अर्थात् घर की समृद्धि में जाया का विशेष उत्तरदायित्व है। गृहस्वामी पति की वह अपनी प्रिय मधुर वाणी से थकावट दूर करें। इसी प्रकार भाई-बहन सभी आपस में मिल-जुल कर रहें और अपने निर्धारित कर्त्तव्यों का पालन करते हुए परिवार को सुखी बनाएँ। इस प्रकार सामाजिक एकता समरसता सह अस्तित्व का वेद मार्गदर्शक है।

समानी प्रपा सह वोऽन्नभागः । (अथर्ववेद 3.30.6)

(हे मनुष्यों) (वः) आप सभी की (प्रपा) पानीयशाला (समानी) समान एक हो (अन्नभागः) अन्न का भाग वितरण समान हो।

केवलाघो भवति केवलादी । (ऋग्वेद 10.117.6)

(केवल-आदी) केवल अकेला खाने वाला (केवल अघः भवति) केवल पाप को भोगने वाला होता है।

पुमान् पुमांसं परिपातु विश्वतः। (पुमान्) एक मनुष्य (पुमांसं) अन्य मनुष्य की (विश्वतः) सभी तरह से (परिपातु) रक्षा करे। इस प्रकार वेद सभी मनुष्यों के सह अस्तित्व, सहचारित्र पर बल देता है। सभी सुखी-समृद्ध रहें। ऋग्वेद के अन्तिम मन्त्र में यही कामना की गई है।

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः ।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति ।। (ऋग्वेद 10.191.4)

हे मनुष्यों (वः) आप सभी के (आकूतिः) विचार संकल्प (समानी) समान हों। (वः) आप सभी के (हृदयानि) हृदय (समाना) समान हों (वः) आप सभी के (मनः) मनन-चिन्तन (समानम् अस्तु) समान हों। (यथा) जिससे (वः) आप सभी का सह अस्तित्व के लिए चिन्तन-मनन, भावना, समानता एवं एकरूपता परमावश्यक है।

वेदों में राष्ट्रीय प्रेम की चेतना- देशप्रेम राष्ट्रीयता की उदात्त शिक्षा वेद प्रदान करते हैं। मनुष्यों में राष्ट्रीय चेतना जागरित करने वाले अनेक मन्त्र हैं- **माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः** । (अथर्ववेद 12.1.12) (भूमिः) भूमि हमारी माता है। (अहं) मैं (पृथिव्याः) पृथिवी का पुत्र हूँ। **नो मात्रे पृथिव्यै। (यजुर्वेद 9.22)** (मात्रे पृथिव्यै) माता पृथिवी को (नमः) नमस्कार है। वेदों के इन वचनों से मातृभूमि के प्रति आत्मीय भावना होती है और इस पर रहने वाले हम सभी बहन-भाई हैं। अतः हम सभी को परस्पर मेल-मिलाप से रहना चाहिए। परस्पर एक दूसरे के हित का ध्यान रखना चाहिए।

विश्वबन्धुत्व की भावना- विश्वमानुष, बन्धुत्व, भाईचारा का उदात्त पाठ हमें वेद पढ़ाता है।यत्र विश्वं भवत्येकनीडम् (यत्र) जहाँ पर (विश्वं) सम्पूर्ण संसार (एकनीडम्) एक घोसला (भवति) हो जाता है। ईशावास्यमिदं सर्वम् (इदं सर्वम्) यह सब कुछ (ईशावास्यम्) ईश्वर परमात्मा से परिव्याप्त है। पुरुष एवेदं सर्वम् (इदं सर्वम्) यह सब कुछ (पुरुषःएव) परमपुरुष परमात्मा ही है।

सर्वं खल्विदं ब्रह्म (इदं सर्वम्) यह सम्पूर्ण जगत् (खलु) निश्चित रूप से ब्रह्म ही है इत्यादि रूप से सम्पूर्ण विश्व एक परिवार है। **वसुधैव कुटुम्बकम्** जैसी उदात्त भावना जागरित करने में वेदों का ही योगदान है और इसी का फल है सर्वकल्याण समष्टि का हित सर्वे भवन्तु सुखिनः - सभी सुखी हों। संकुचित क्षुद्र स्वार्थ भावना से ऊपर उठकर सर्वहित प्रेरणा वेदों से मिलती है। वेद सर्वहित सम्पादक महौषधि हैं। इस तरह वेद समस्त मानवता को एक सूत्र में सग्रंथित करते हैं और सकल विश्व के लिए वेदों का यह अनुपम योगदान है।

वेदों में पर्यावरण चेतना- हमारे वैदिक ऋषि मनीषी पर्यावरण रक्षण के प्रति बहुत ही जागरूक और सावधान रहे हैं। पर्यावरण रक्षण का अभिप्राय ही है स्वयं की रक्षा। अतः स्वकीय रक्षाहेतु यह पर्यावरण रक्षणीय है, इसी दृष्टि से उन्होंने प्रकृति की दैवतभाव से उपासना की। सहज रूप से कल्याणकारिणी वरदायिनी यह प्रकृति पूजा के योग्य है, इसको नियन्त्रित, वश में नहीं करना है, इसके सन्तुलन को बाधित नहीं करना है। उपासना से यह इच्छित फल प्रदान करने वाली है। एक ही परम तत्त्व सर्वत्र ओतप्रोत है - **सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च** (जगतः) जंगम-गमनशील चेतन (च) और (तस्थुषः) स्थावर अचेतन की (आत्मा सूर्यः) आत्मा सूर्य है अर्थात् सूर्यरूपी परमात्मा सभी चेतन और अचेतन पदार्थों में परिव्याप्त है, उससे बाहर कुछ भी नहीं है। सब कुछ परमात्मस्वरूप होने से केवल मनुष्यों की नहीं, अपितु पशु-पक्षियों, लता-वनस्पतियों सभी की रक्षा हो जाती है और एक सुखमय आह्लादमय रहने योग्य

संसार बन जाता है। ऋषियों ने इसी दृष्टि से नदी, अश्मा, वनस्पतियों की भी दैवतभाव से प्रार्थना की है। भौतिक प्राकृतिक पर्यावरण रक्षण के साथ ही ऋषियों ने आन्तरिक पर्यावरण स्वच्छता पर, उदात्त जीवन मूल्यों के रक्षण पर बल दिया है और इस तरह वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण की विश्व व्यापी गम्भीर विषम समस्या का समाधान वेदों से प्राप्त हो जाता है -

अग्निमीळे पुरोहितम्' (ऋग्वेद 1.1.1)

(पुरोहितम् अग्निम्) पुरोहित अग्नि की (ईळे) में प्रार्थना करता हूँ। वैदिक ऋषि की दृष्टि में यह अग्नि केवल पाचक दाहक प्रकाशक ही नहीं, अपितु यह सर्वज्ञ सर्वान्तर्यामी अग्रगामी नेतृत्व करने वाला सर्वाधिक रमणीय धनों को देने वाला है। अतः जातवेदस् वैश्वानर पुरोहित देव इत्यादि रूप में यह अग्नि प्रार्थनीय है।

1.5 वेदपरम्परा वेद शाखाओं का परिचय- वास्तव में सम्पूर्ण ज्ञानराशि को ही वेद कहते हैं। यह ज्ञाननिधि अतीव समृद्ध तथा विशाल है। इसलिए अध्ययन की सुविधा तथा कई अन्य दृष्टियों से इसका वर्गीकरण किया गया। भगवान् वेदव्यास ने इस एक ज्ञाननिधि का चार भागों में विभाजन करके अपने चार शिष्यों को पढ़ाया -

1. ऋग्वेद – पैल
2. यजुर्वेद - वैशम्पायन
4. अथर्ववेद = सुमन्तु
3. सामवेद - जैमिनि

इस तरह ज्ञानसमूह एक ही वेद अध्ययन-अध्यापन की दृष्टि से चर्चा विभक्त हो गया और इसी विभाजन के कारण वेदव्यास - वेदों को विभक्त किया) वादरायण का नाम वेदव्यास पड़ गया। पुनः इनके पैलादि शिष्यों ने परम्परा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए वेदव्यास ने शिष्यों को उन-उन ऋग्वेदादि को पढ़ाया और इस प्रकार गुरु-शिष्य-परम्परा से एक ही वेद = ज्ञाननिधि असंख्य शाखा प्रशाखाओं में विभक्त हो गया। यज्ञ की दृष्टि से भी वेदों का विभाजन किया गया है। यज्ञ में मुख्यतः 4 पुरोहित या ऋत्विक होते हैं -

1. होता, 2. अध्वर्यु, 3. उद्गाता 4. ब्रह्मा

होता नामक ऋत्विक् यज्ञ में हव्यग्रहण करने के लिए इन्द्र-विष्णु-वरुणादि देवताओं को आवाहन करते हैं है। एतदर्थ मन्त्र ऋग्वेद में हैं। उद्गाता नामक ऋत्विक मधुर गीति द्वारा देवों की प्रशंसा करता है। गेयमन्त्र सामवेद में हैं। अध्वर्युनामक ऋत्विक् यज्ञ सम्बन्धी विविध क्रियाकलापों को करता है यथा यज्ञवेदी का निर्माण, हवनसामग्री संकलनादि। इन कार्यों अनुष्ठानों का निरूपण यजुर्वेद में किया गया है, चतुर्थ ऋत्विक् ब्रह्मा यज्ञ का अधिष्ठाता होता है, अपने निरीक्षण एवं निर्देशन में वह यज्ञ को सम्पन्न कराता है। यह ऋक्-यजुस्-साम सभी वेदों का ज्ञाता होता है, यद्यपि इसका अपना कोई स्वतन्त्र वेद नहीं है। इन्हीं ऋक् यजुस् साम के मन्त्रों का विनियोग यज्ञ में होता है और वेदत्रयी रूप में इन्हीं की प्रसिद्धि है। उत्तरकाल में अथर्ववेद को यज्ञ को प्रधान ऋत्विक् ब्रह्मा के साथ जोड़ दिया गया इसीलिए अथर्ववेद ब्रह्मवेद के नाम से प्रसिद्ध है। आचार्य आपस्तम्ब ने मन्त्र तथा ब्राह्मण दोनों भागों के सम्मिलित रूप को वेद संज्ञा से सम्बोधित किया है (मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्) । इस दृष्टि से वेद के दो प्रमुख भाग हैं -

(1) मन्त्र भाग (2) ब्राह्मण भाग

इनमें भी में मन्त्र भाग मूल है और इसी की व्याख्या ब्राह्मण भाग अपने मूल मन्त्र भाग की व्याख्या प्रस्तुत करते हैं। यह व्याख्या भी तीन दृष्टियों से की गई है -

1. यज्ञ-कर्मकाण्डपरक, 2. उपासनापरक, 3. ज्ञानपरक

और इस प्रकार ब्राह्मण भाग के तीन उपविभाग हैं - 1. ब्राह्मण 2. आरण्यक 3. उपनिषद्

मन्त्र भाग को संहिता कहते हैं और ये पाँच संहिताएँ हैं -

1. ऋक् संहिता, 2. शुक्लयजुर्वेद, 3. कृष्णयजुर्वेद, 4. सामवेद तथा 5. अथर्ववेद

वस्तुतः मन्त्र भाग की ही व्याख्या ब्राह्मण भाग हैं, इसमें मन्त्र भाग में संहिताएँ हैं उतने ही व्याख्यानात्मक ब्राह्मण भाग भी हैं। इस प्रकार प्रत्येक संहिता के अपने-अपने ब्राह्मण, आरण्यक तथा उपनिषद् भी हैं और इनमें भी गुरु-शिष्य परम्परा से अनेक शाखा-प्रशाखाएँ हो गई हैं। अपने व्याकरण महाभाष्य में भगवान् पतञ्जलि ने ऋग्वेद की 21 यजुर्वेद की 101, सामवेद की 1000 तथा अथर्ववेद की 9 शाखाओं का उल्लेख किया है परन् इनके द्वारा उल्लिखित सभी 1131 शाखाएँ आज उपलब्ध नहीं हैं।

वर्तमान में उपलब्ध प्रमुख शाखाएँ निम्नलिखित हैं।

मन्त्र संहिता	ब्राह्मण	आरण्यक	उपनिषद्
ऋग्वेद	ऐतरेय ब्राह्मण कौषितकी ब्राह्मण (शांखायन)	1.ऐतरेयोपनिषद् 2. शांखायन आरण्यक	ऐतरेयोपनिषद् कौषितकि-उपनिषद्
शुक्लयजुर्वेद	शतपथ ब्राह्मण	बृहदारण्यक	बृहदारण्यकोपनिषद् ईशावास्योपनिषद्
कृष्णयजुर्वेद	तैत्तिरीयोपनिषद्	तैत्तिरीयारण्यक	तैत्तिरीयोपनिषद् महानारायणोपनिषद् मैत्रायणीयोपनिषद् कठोपनिषद् श्वेताश्वतरोपनिषद्
सामवेद	पञ्चविंश (ताण्ड्य) महाब्राह्मण षड्विंश ब्राह्मण सामविधान ब्राह्मण आर्षेय ब्राह्मण		छान्दोग्योपनिषद्
अथर्ववेद	गोपथ ब्राह्मण		मुण्डकोपनिषद् माण्डूक्योपनिषद्

संस्कार कनिष्ठ सहायक अवबोध हेतु उपर्युक्त वेद परिचय इकाई का अध्ययन करेंगे वेदों के विशेष ज्ञान के लिए संस्कार सहायक के पाठ्यक्रम का एवं अन्य वेद सम्बन्धित पुस्तकों का अध्ययन कर सकते हैं।

इकाई-2 गृह्यसूत्रपरिचय

गृह्यसूत्रपरिचय- कल्प वेदांग है, इसे वेदपुरुष की भुजा कहा जाता है। अतः कल्पशास्त्र के विषय में आचार्य कहते हैं "कल्पो वेदविहितानां कर्मणामानुपूर्येण कल्पनाशास्त्रम्' अर्थात् जिनमें वेदविहित कर्मों का सुव्यवस्थित रूप से वर्णन हैं उसे कल्पशास्त्र कहते हैं। ये विशेष रूप से वैदिक ग्रन्थों के उचित अनुप्रयोग के लिए अभिप्रेत है। सबसे प्राचीन कल्पसूत्र और आरण्यक वे हैं जो अपनी साक्षात् ब्राह्मणों से जुड़े हैं और यह ब्राह्मणों की मुख्य सामग्री अनुष्ठान (कल्प) थी, जो कल्पसूत्र सूत्र शैली में नियमों का वर्णन है, उन सभी विषयों को छोड़कर जो नहीं हैं। यह समारोह से जुड़ा हुआ है। वे ब्राह्मणों से अधिक व्यावहारिक हैं। जो अधिकांशतः रहस्यमय, ऐतिहासिक, पौराणिक, व्युत्पत्ति संबंधी और धर्मशास्त्रीय चर्चाएँ। वे वैदिक शास्त्र के अध्ययन के लिए भी महत्वपूर्ण माने जाते हैं। अतः संस्कृति और समाज के लिए भारत में अन्तर्हृदयकी ग्रन्थियों को सुलझाने तथा भगवत्प्राप्ति के मार्ग का प्रदर्शन करने लिए व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक का जीवन वेदों के गृह्यसूत्रों का वर्ण वैदिक जीवन चर्या में उपलब्ध है। कल्पसूत्र के चार प्रकार हैं-

(1) श्रौतसूत्र, श्रौत यागों के विधानों से सम्बन्धित है।

(2) गृह्यसूत्र, जो गृह के अनुष्ठानों से सम्बन्धित हैं

(3) धर्मसूत्र, जो धार्मिक एवं सामाजिक विधानों से सम्बन्धित हैं

(4) शूल्बसूत्र, जो अग्नि-वेदी आदि के मापन के मानकों से सम्बन्धित हैं।

वेद एवम् उनके, गृह्यसूत्रों के विषय,गृह्यसूत्रकार,गृह्यसूत्रों के भाष्यकार,उपलब्ध गृह्यसूत्र.

दो प्रकार के कर्म हैं। श्रुति लक्षण, आचार लक्षण। वैतानिक अग्निहोत्रादि कर्म श्रुति लक्षण एवं गृहस्थाश्रम में साधित अग्निहोत्रादि (गृह्याग्नि) कर्म गृह्य लक्षण अर्थात् पाणिग्रहणादि संस्कार। यस्मिन्नग्नौ पाणि गृह्णीयात् स गृह्यः।।(खा. गृ.सू.(1.5.9) अर्थात् जातकर्मादि गृह्यकर्मों एवं संस्कारों का विधान गृह्यसूत्रों में वर्णित है।

गृहस्थ-जीवन में जो भी धार्मिक कार्य संस्कार आदि का विधान है उसके अनुष्ठान की विधि एवं कर्तव्याकर्तव्यत्व का निरूपण जिन कल्प-ग्रन्थों में सूत्र रूप में वर्णित है उन्हें 'गृह्यसूत्र' कहते हैं। इन्हीं गृह्यसूत्रों का परिवर्धित रूप कालान्तर में स्मृति ग्रन्थों के रूप में हमें प्राप्त होता है।

गृहस्थ-जीवन से संबंधित गर्भाधान से लेकर मृत्युपर्यन्त जितने भी क्रियाकलाप है उन सबका विस्तार अनुष्ठानविधि गृह्यसूत्रों में वर्णित है। **यस्मिन्नगनौ पाणिं गृह्णीयात् सः गृह्यः**। (खादिरगृह्यसूत्र 1.1.1)

गृह्यसूत्रों में पुंसवन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, उपनयन, समावर्तन, आठ प्रकार के विवाह (ब्राह्म, दैव, आर्ष, प्राजापत्य, आसुर, गांधर्व, राक्षस, पैशाच) और अन्त्येष्टि इत्यादि सोलह संस्कारों की विधि-विधान वर्णित हैं। आश्वलायन गृह्यसूत्र, शांखायन गृह्यसूत्र, मानव गृह्यसूत्र, बौधायन गृह्यसूत्र, आपस्तम्ब गृह्यसूत्र, हिरण्यकेशी गृह्यसूत्र, भारद्वाज गृह्यसूत्र, पारस्कर गृह्यसूत्र, द्राह्यायण गृह्यसूत्र, गोभिल गृह्यसूत्र, खदिर गृह्यसूत्र, कौशिक गृह्यसूत्र आदि मुख्य गृह्यसूत्र हैं। ऐसे व्यक्ति जो वेद-पुराणों के पाठक, आस्तिक, पंचदेवों (गणेश, विष्णु, शिव, सूर्य व दुर्गा) के उपासक और गृहस्थ धर्म का पालन करने वाले होते हैं, उन्हें स्मार्त्त कहते हैं। स्मार्त, श्रुति और स्मृति में विश्वास रखता है। 'स्मार्त बटुक-विद्वान स्मृति-ग्रन्थों का विशेष अध्ययन करते हैं।

2.1 ऋग्वेदीय गृह्यसूत्र ऋग्वेदीय गृह्यसूत्र एवं उनके विषय -

आश्वालायन गृह्यसूत्र एवं 'शांखायन गृह्यसूत्र, 'शौनक गृह्यसूत्र ये ऋग्वेदीय गृह्यसूत्र हैं।

उपलब्ध गृह्यसूत्र-

वेद	गृह्यसूत्र
ऋग्वेद	आश्वलायन, शांखायन, शौनक

3.1. **आश्वालायन गृह्यसूत्र के प्रथम अध्याय के विषयों का परिचय-** - आश्वालायन ऐतरेय ब्राह्मण से सम्बन्धित है, इसमें चार अध्याय हैं, जिसके पहले अध्याय में विवाह, गर्भाधानादि ग्यारह संस्कारों का वर्णन है।

प्रथम खण्ड के विषयों का परिचय- गृह्य कर्म व्याख्या प्रतिज्ञा।

चतुर्थ खण्ड- चौलादिकर्म कालविधान, विवाह का सार्वकालिकत्व, आज्यहोम, होमविधान, अष्ट आहुतियों का समुच्चय विधान, प्रथम कुलपरीक्षा, वरगुण, कन्यागुण, लक्षण दुज्ञेयत्व, ब्राह्मविवाह, देवविवाह, प्राजापत्यविवाह, प्राजापत्योढा में जातक का आर्षविवाह, सप्तदशपुरुषोत्तारकत्व, गान्धर्वविवाह, आसुरविवाह, पैशाचविवाह, राक्षसविवाह।

पञ्चम खण्ड- कुल परीक्षा, वरगुण विमर्श, लक्षणों का दुर्विज्ञेयत्व, कन्यागुण, मृत्तिका गोल परीक्षा, पिण्डग्रहण में भाविशुभाशुभ फल।

षष्ठ खण्ड- ब्राह्मादि विवाह।

सप्तम खण्ड- विवाह में देशधर्मादि कर्तव्य, पाणिग्रहण विधान।

नवम खण्ड

पाणिग्रहण से गृह्माभिपरिचर्या।

त्रयोदश खण्ड

गर्भलम्भन,पुंसवनस्वरूप प्रश्नादि, दक्षिणनासायां दूर्वा, हृदयस्पर्श।

चतुर्दश खण्ड

सीमन्तोन्नयन, सीमन्तव्यूहन।

पञ्चदश खण्ड

जातकर्म स्वरूप, मेधाजननमन्त्र, नामकरणम्, नामाक्षरादिकथन, चार अक्षरों के नाम कार्य, नामविषय कामना, द्वयक्षर नाम पुंस, विषमाक्षर स्त्रियों के नाम, अभिवादन, मस्तकावहरणमन्त्र, तूष्णीं कुमार्या।

षोडश खण्ड

अन्नप्राशन मास, ब्रह्मवर्चस, तेजस्कामत्वे घृतौदन, प्राशनमन्त्र।

सप्तदश खण्ड

चौलकाल, क्षुरस्थापन, केशच्छेदनमन्त्र, केशस्थापनप्रकार, क्षुरधारानिमार्जन।

एकोनविंशतिः खण्ड

उपनयनकाल गर्भाष्टमे वा वर्षे, क्षत्रिय का काल एकादश वर्ष, वैश्य का द्वादश, ब्राह्मण का षोडश वर्ष, क्षत्त्रिय-वैश्यों के लिए कालकथन।

द्वितीय अध्याय के विषय- श्रावणी, आश्वयुजी, आग्रहायणी, अष्टका, गृहनिर्माण और गृहप्रवेश का वर्णन है।

शांखायन गृह्यसूत्र-

प्रथम अध्याय के विषय- गर्भाधानादि सस्कारों और पार्वण का वर्णन है।

द्वितीय अध्याय के विषय- उपनयन एवं ब्रह्मचर्य आश्रम का विवरण है।

शांशायन गृह्यसूत्र- रचनाकार युयज्ञ है, इसमें छः अध्याय है- संस्कार- गृहनिर्माणादि का वर्णन है तथा यह गृह्यसूत्र आदि का वर्णन है, इसके प्रमुख भाष्य-ग्रन्थों में सुमंत सूत्रभाष्य जैमिनीय-सूत्रभाष्य 'वैशम्पायन-सूत्रभाष्य' और पैल-सूत्रभाष्य उल्लेखनीय है। शांखायन गृह्यसूत्र के एक अन्य भाष्यकार रामचन्द्र हैं। इनके अतिरिक्त शांखायन' पर लिखी गई टीकाओं में दयाशंकर द्वारा गृह्यसूत्र प्रयोगदीप, रघुनाथ कृत 'अर्थदर्पण', रामचन्द्रकृत गृह्यसूत्रपद्धति', वासुदेवकृत 'गृह्यसंग्रह' और नारायणकृत नारायणी प्रमुख हैं तथा इसमें चार अध्याय हैं।

कौषीतकि गृह्यसूत्र- इसके रचयिता शाम्भव्य है और पाँच अध्याय हैं। विवाह, प्राम्भिक संस्कार, उपनयन संस्कार, पितृमेध और कृषिकर्मों का उल्लेख है।

अप्रकाशित गृह्यसूत्र- शौनक, भारवीय, पाराशर, शाकल्य, पैङ्गिररस गृह्यसूत्र आदि।

2.2 यजुर्वेदीय गृह्यसूत्र एवं उनके विषय-

यजुर्वेद के दोनों ही शाखाओं में गृह्यसूत्र उपलब्ध हैं। **शुक्ल यजुर्वेदीय गृह्यसूत्र**- पारस्कर गृह्यसूत्र, **कृष्ण यजुर्वेदी गृह्यसूत्र**- बौधायन गृह्यसूत्र, भारद्वाज गृह्यसूत्र, आपस्तम्ब गृह्यसूत्र, हिरण्यकेशी गृह्यसूत्र, वैखानस गृह्यसूत्र, वाधूल गृह्यसूत्र, मानव गृह्यसूत्र, काठक गृह्यसूत्र तथा वाराह गृह्यसूत्र हैं। बौधायन ऋषि द्वारा प्रणीत बौधायनगृह्यसूत्र तीन अध्यायों में विभक्त है। इस पर गोविन्द स्वामी की टीका है। मूल रूप से यह बौधायन के ही कल्पसूत्र के अन्यतम भाग के रूप में उपलब्ध है।

उपलब्ध गृह्यसूत्र-

वेद	गृह्यसूत्र
शुक्लयजुर्वेद	पारस्कर
कृष्णयजुर्वेद	आपस्तम्ब, बौधायन सत्याषाढ, वैखानस भारद्वाज, वाधूल, काठक ,वाराह , हिरण्यकेशी, मानव, अग्निवेश्य

भारद्वाज कल्पसूत्र तैत्तिरीय शाखा से सम्बद्ध है। इसमें तीन अध्याय है। 'भारद्वाज' गृह्यसूत्र पर कपर्दिस्वामी तथा रंगभट्ट के भाष्य उपलब्ध हैं।

आपस्तम्ब ऋषि द्वारा प्रणीत आपस्तम्ब धर्मसूत्र मूलतः कल्पसूत्र का ही भाग है। यह आपस्तम्ब कल्पसूत्र के 26वें और सत्ताईसवें प्रश्न के रूप में वर्णित है। 'आपस्तम्ब गृह्यसूत्र पर कर्काचार्य,

सुदर्शनाचार्य, नृसिंह, हरिदत्त, कृष्णभट्ट सहदेव और धूर्तस्वामी के भाष्य उपलब्ध हैं। हिरण्यकेशी गह्यसूत्र भी प्रायः अन्य यजुर्वेदीय गृह्यसूत्रों के समान मूलतः कल्पसूत्र का ही भाग है। यह हिरण्यकेशी कल्पसूत्र 19 वें 20वें अध्याय के रूप में वर्णित है। इसका दूसरा नाम सत्याषाढ गृह्यसूत्र है। इस पर मातृदत्त का भाष्य उपलब्ध है।

भारद्वाज गृह्यसूत्र- इसमें तीन प्रश्न है तथा विवाह के विषय में वर्णन है।

वैखानस गृह्यसूत्र- तैत्तिरीय शाखा से सम्बद्ध है। यह परवर्तीयुग की रचना है क्योंकि उसमें ऐसे विषयों का समावेश है जो परिशिष्ट के अन्तर्गत और मंत्र केवल प्रतीकात्मक है, इसमें अठारहह संस्कारों का उल्लेख है।

अग्निवेश्य गृह्यसूत्र-अग्निवेश द्वारा विरचित वाधूल गृह्यसूत्र कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से सम्बद्ध है। यह अग्निवेश्य गृह्यसूत्र नाम से भी प्रसिद्ध है। इसमें वर्णित विषय अन्य गृह्यसूत्रों से भिन्न हैं।

मानव गृह्यसूत्र- लौगाक्षि के द्वारा रचित मानव गृह्यसूत्र है, इसको 'लौगाक्षि गृह्यसूत्र भी कहते हैं। मानव गृह्यसूत्र मैत्रायणी संहिता से सम्बद्ध है। यह दो प्रकरण से युक्त है। इस पर अष्टावक्र का भाष्य उपलब्ध है।

काठकगृह्यसूत्र- इसको लौगाक्षिगृह्यसूत्र तथा पञ्चाध्यायी भी कहा जाता है।

वाराह गृह्यसूत्र- यह मैत्रायणी शाखा के मंत्रों से सम्बन्धित है, इसमें तेरह संस्कारों का वर्णन प्राप्त होता है। यह परवर्तीकाल की रचना है। इसके अंश मानवगृह्यसूत्र तथा काठक गृह्यसूत्र के समान ही है।

शुक्ल यजुर्वेदीय गृह्यसूत्र- पारस्कर गृह्यसूत्र शुक्ल यजुर्वेदीय है। यह वाजसनेय गृह्यसूत्र नाम से भी ख्यात है जो तीन काण्डों में विभक्त है, इसमें **तेरह संस्कारों** का उल्लेख है। भाष्यकार कर्काचार्य है।

प्रथम काण्ड

चतुर्थीकर्म (गर्भाधान), पक्षादिकर्म (दर्शपूर्णमासस्थालीपाक), गर्भधारणायनस्तविधि, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, सीमन्तीक (सुखप्रसवार्थ कर्म), जातकर्म, नामकरण, बहिर्निष्क्रमण, सूर्यावलोकन, प्रोष्यागतस्य कर्म, पुत्रादिदर्शन विधि, अन्नप्राशन।

द्वितीयकाण्ड

चूडाकरणकेशान्त, उपनयन, , ब्रह्मचारिव्रत, स्नातकभेद, समावर्तन, उपनयन की परमावधि।

तृतीय काण्ड

विषय वस्तु- प्रथम काण्ड में आवसथ्य अग्न्याधान, विवाह तथा गर्भाधान से अन्नप्राशन पर्यन्त संस्कार वर्णित हैं।

के गृह्यसूत्र पर कर्काचार्य, जयराम, हरिहर आदि की व्याख्याएँ हैं। शुक्ल यजुर्वेद में कातीय गृह्यसूत्र का भी उल्लेख हैं। 'कातीय गृह्यसूत्र के रचनाकार पारस्कराचार्य, वृत्तिकार वासुदेव और टीकाकार जयराम हैं। इसी गृह्यसूत्र पर एक पाण्डित्यपूर्ण टीका शंकर गणपति रामकृष्ण की है। इस ग्रन्थ पर कर्क, गदाधर, जयराम, मुरारि मिश्र, रेणुकाचार्य, वागीश्वरदत्त और वेदमिश्र के भाष्य प्रसिद्ध हैं।

2.3 सामवेदीय गृह्यसूत्र एवं उनके विषय

सामवेदीय गृह्य सूत्र- गोभिल गृह्यसूत्र, खादिर गृह्यसूत्र और जैमिनीय, कौथुम गृह्य सूत्र आदि सामवेदीय गृह्यसूत्र उपलब्ध हैं।

उपलब्ध गृह्यसूत्र-

वेद	गृह्यसूत्र
सामवेद	गोभिल, खादिर, गौतम, जैमिनीयकौथुम ,

गोभिल गृह्यसूत्र- सामवेद की कौथुमशाखा से सम्बन्धित है और चार प्रपाठकों में विभाजित है। इस पर कात्यायन ने 'कर्मप्रदीप' नाम से एक परिशिष्ट लिखा है। कात्यायन की एक टीका 'आदित्य' है जो कि शिवराम से मिलती है। गोभिल गृह्यसूत्र के प्रमुख टीकाकार भद्रनारायण, सायण, और शिवि हैं तथा गोभिल गृह्यसूत्र में चार प्रपाठक हैं।

खादिरगृह्यसूत्र- राणायनीय शाखा से सम्बद्ध है। इस पर स्कन्दस्वामी की पाण्डित्यपूर्ण वृत्ति है। वामन ने इस पर कारिकाएँ लिखी हैं। यह गोभिल गृह्य सूत्र का ही संक्षिप्तीकरण है।

'पितृमेध गृह्यसूत्र को गौतम कृत बताया जाता है। इस ग्रन्थ के टीकाकार अनंतज्ञान का कहना है कि ये गौतम न्यायसूत्रों के प्रणेता अक्षपाद महर्षि गौतम ही थे। इसमें दो खण्ड है। प्रथमखण्ड में चौबीस कण्डिकाएँ है और द्वितीय खण्ड में नौ कण्डिकाएँ हैं। इस पर सुबोधिनी टीका मिलती है।

गोभिल गृह्यसूत्र-

द्वितीय कण्डिका

यज्ञोपवीत, यज्ञोपवीतस्वरूप।

द्वितीय प्रपाठक के विषय-

प्रथम कण्डिका

पुण्यनक्षत्रविवाह कर्तव्यता।

ज्ञातिकर्म, कन्यास्नान, वासपरिधापन, पाणिग्रहणप्रकरण, कर्तव्यताविशेष द्रव्याद्या।

द्वितीय कण्डिका

लाजहोम, अश्माक्रमण, कन्यापरिणय, सप्तपदी, ईक्षकप्रतिमन्त्र, वर-वधु मूर्धा अभिषेक, कन्यापाणिग्रहण।

चतुर्थ कण्डिका

वध्वायानारोहण, नव वधु गृहागमन।

पञ्चम कण्डिका

चतुर्थी होम, प्रायश्चिताज्याहुति होम, उदपात्र सम्पात प्रक्षेप, वधु उद्वर्तन, ऋतुगमनविचार, गर्भाधान।

षष्ट कण्डिका

पुंसवनकाल निरूपण व कर्तव्य, अपरपुंसवन।

सप्तम कण्डिका

सीमन्तकरणकाल निर्णय व कर्तव्यता, सोष्यन्तीहोम, जातकर्म, व्रीहियवप्रेषण, कुमारमेधाजनन, सर्पिः प्राशन, छन्दोगानाप्राशनविचार, अन्नप्राशनविधि, जातकर्म।

अष्टम कण्डिका

चन्द्रोपस्थापन, निष्क्रमण, चन्द्रायार्घ्यदान, नामकरण, कन्या नाम विशेष, कुमारजन्मतिथियजन।

नवम कण्डिका

चूडाकरण, द्रव्यसाधन, कर्मक्रम, कन्या विशेष, मुण्डन, चूडाकर्म समाप्ति।

दशमकण्डिका

उपनयन प्रकरण, काल, व्रात्यकारण, उपनयन में प्रातः भोजन, माणवक स्योपवीत धारण, अलाभे उपदेश, उपनयन में अग्नि स्थापन, मन्त्रविचार आदि।

2.4 अथर्ववेदीय गृह्यसूत्र एवं उनके विषय

अथर्ववेद- ऋगादि अन्य वेद केवल आमुष्मिक फल देने वाले हैं, लेकिन अथर्ववेद ऐहिक और आमुष्मिक दोनों ही दृष्टियों से उपयोगी है जैसा कि सायणाचार्य का कथन है व्याख्याय वेदत्रित यमामुष्मिकफलप्रदम्। ऐहिकामुश्मिक फलं चतुर्थ व्याचिकीर्षति। (अथर्ववेद भाष्य भूमिका) ब्रह्म यज्ञ का सर्वप्रमुख ऋत्विक् है। गोपथ ब्राह्मण के अनुसार तीनों वेदों के द्वारा यज्ञ के मात्र एक पक्ष की ही पूर्ति होती है, ब्रह्म मन के द्वारा उसे पूर्णता प्रदान करता है।

अथर्ववेदीय गृह्यसूत्र- अथर्ववेदीय कौशिक गृह्यसूत्र में चौदह अध्याय हैं, इस पर केशव तथा हारिल की व्याख्याएँ मिलती हैं।

उपलब्ध गृह्यसूत्र-

वेद	गृह्यसूत्र
अथर्ववेद	कौशिक

यह शौनक शाखा से सम्बद्ध है। इसमें 14 अध्याय है।

अथर्ववेदीय गृह्यसूत्र परिचय -

सप्तम अध्याय के विषयों का परिचय-

नामकरण संस्कार, निष्क्रमण, काम्य कर्मों का वर्णन, ब्रह्मौदन अग्नि, सेनाग्नि, ऋत्विक एवं गौ के विषय में वर्णन।

दशम अध्याय के विषयों का परिचय-

विवाह संस्कार

एकादश अध्याय के विषयों का परिचय-

अन्त्येष्टि कर्म ।

संस्कारों के इस वर्णन से यह प्रमाणित हो जाता है कि राजा से सामान्य नागरिक तक सबकी परम्परागत इन संस्कारों में श्रद्धा होती थी। यही कारण है कि भारत में समय-समयपर होनेवाले आक्रमणकारियों के बर्बरतापूर्ण आक्रमण निष्फल रहे। ये हमारे पूर्वजों की अमर योजनाएँ, जिन्होंने देश को अखण्डित तथा हमें स्वाधीन बनाये रखा और जिनके द्वारा संस्कृत होने के कारण हम सब को एकता के सूत्र से जोड़ते हैं।

यह दक्षिण भारत में कृष्ण यजुर्वेदियों के लिए प्रसिद्ध है। आश्वलायन गृह्यसूत्र में वर्णित संस्कार ऋग्वेदीय शाखा वालों के लिए है। उत्तरभारत में शुक्लयजुर्वेद के महर्षि कात्यायन के द्वारा पारस्करगृह्यसूत्र की परम्परा दोनों शाखाओं में प्रचलित है। इसके निम्नलिखित भाष्यकार हैं- अमृतव्याख्या नन्दपण्डित, अर्थभास्कर भास्कर, प्रकाश, वेदमिश्र, संस्कारगणपति रामकृष्ण, सज्जनवल्लभ जयराम, कर्कभाष्य कर्काचार्य, गदाधरभाष्य गदाधर आदि भाष्य प्राप्त होते है।

शुक्लयजुर्वेद की दोनों शाखाओं में काण्व और माध्यन्दिन का प्रचलन है। यह ग्रन्थ तीन काण्डों में विभक्त है। पुनः यह 51 कण्डिकाओं में प्राप्त होता हैं। इसमें तेरह संस्कारों का वर्णन उपलब्ध है। यथा-

1. विवाह, 2. गर्भाधान, 3. पुंसवन, 4. सीमन्तोन्नयन, 5. जातकर्म, 6. नामकरण, 7.निष्क्रमण, 8. अन्नप्राशन, 9. चूडाकर्म, 10. उपनयन, 11. केशान्त, 12. समावर्तन, 13. अन्त्येष्टि।

गृह्यसूत्रों में निर्दिष्ट संस्कार सूत्रशैली में निबद्ध हैं। इनके विशेष नियम धर्मसूत्रों में प्राप्त होते हैं।

कल्प सूत्र के चार प्रकार हैं- यथा-

(1) श्रौतसूत्र, श्रौत यागों से सम्बन्धित है।

(2) गृह्यसूत्र, जो गृह्य के अनुष्ठानों से सम्बन्धित हैं

(3) धर्मसूत्र, जो धार्मिक एवं सामाजिक कानूनों से सम्बन्धित हैं

(4) शूल्बसूत्र, जो अग्नि-वेदी आदि के मापन के नियमों से सम्बन्धित हैं।

गृह्यसूत्र प्रायः गृहस्थजीवन की चर्चा से सम्बद्ध है इनमें मानवीय आचारों, अधिकारों कर्तव्यों उत्तरदायित्वों का गृह्यसूत्रों में आश्रमों की व्यवस्था का व्यापकरूप से वर्णन मिलता है। ब्रह्मचर्य, विवाह और वानप्रस्थ-ये तीन आश्रम व्यापकरूप से समाज में प्रचलित रहे। 'तैत्तिरीयसंहिता' के एक मन्त्र में प्रकारान्तर से इनसे सम्बद्ध तीन ऋण कहे गये हैं-'**जायमानो ह वै ब्राह्मणस्त्रिभिऋणवान् जायते। ब्रह्मचर्येण ऋषिभ्यो यज्ञेन देवेभ्यः प्रजया पितृभ्य एष वा अनृणो यः पुत्री यज्वा ब्रह्मचारिवासी**' (6, 3, 10, 13) अर्थात् 'जब ब्राह्मण पैदा होता है तो उस पर तीन ऋण होते ते हैं। ऋषि- ऋण के अपाकरण के लिए ब्रह्मचर्यव्रत (शिक्षा), देव- ऋण देने के लिए यज्ञ (समाज) तथा पितृ ऋणसे मुक्ति के लिए वह श्रेष्ठ परिवार में विवाह करता है।' 'शांखायनगृह्यसूत्र' के उपनयन संस्कार में तीन वर्णों की अवधि का उल्लेख है, जो इस प्रकार है- 'गर्भाष्टमेषु ब्राह्मणमुपनयेत' (2.1), 'गर्भैकादशेषु क्षत्रियम्' (2.4)। 'गर्भद्वादशेषु वैश्यम्' (2.5), 'आ षोडशाद् वर्षाद् ब्राह्मणस्यानतीतकालः' (2.7), 'आ द्वाविंशात् क्षत्रियस्य' (2.7), 'आ

चतुर्विंशाद् वैश्यस्य' (2. 8)। 'गर्भाधान-संस्कारादि हमारे ऋषि मुनि आचार्यों का ही योगदान है। समाज में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण राष्ट्र में आचार से ही आदर होता था। वे आचरण के क्षेत्र में उदाहरणीय व अनुकरणीय व्यक्ति समझे जाते थे। ईसा से आठ सौ वर्ष पूर्व भगवान् यास्क ने अपने ग्रन्थ 'निरुक्त' में आचार्य का निर्वचन करते हुए लिखा था- 'आचार्यः कस्मात् ? आचिनोत्यर्थान्, आचिनोति बुद्धिमिति वा। (1.4) जो शिष्य को सदाचरण अथवा सूक्ष्म से सूक्ष्म विषयों का अवबोध कराते हैं उन्हें आचार्य कहते हैं।' गृह्यसूत्रों का तात्पर्य संस्कारों से है। इन्हीं संस्कारों के कारण आज हमारे भारत वर्ष की अनुपम संस्कारित संस्कृति है।

इकाई-3 वैदिक संस्कार परिचय

3.1 **संस्कार शब्दार्थ**- 'संस्कार' शब्द सम् उपसर्गपूर्वक कृ धातु से 'घा प्रत्यय लगाने पर **सम्परिभ्यां करोतौ भूषणे** - पाणिनीय सूत्र से भूषण अर्थ में 'सुद' (स्) आगम करने पर सिद्ध होता है। इसका अर्थ है- 'संस्करण', 'परिष्करण तथा शुद्धिकरण है। सम् उपसर्ग पूर्वक 'कृ' धातु से 'घञ्' प्रत्यय करने पर संस्कार शब्द निष्पन्न होता है।

जैमिनि सूत्रों में शबर के अनुसार **स भवति यस्मिञ्जाते पदार्थों भवति योग्यः कस्यचिदर्थस्य'** अर्थात् संस्कार वह है जिसके करने से कोई व्यक्ति किसी कार्य को करने के योग्य हो जाता है। जै.सू. 3.1.3 वहीं तन्त्रवार्तिक की बात करे तो 'योग्यतां चादधानाः क्रियाः संस्कारा इत्युच्यन्ते, अर्थात् संस्कार वे क्रियाएँ हैं जो योग्यता प्रदान करती है।' व.ध.सू 4.1,4 गौ.ध.सू 8.8. संस्कार मनुष्य की शारीरिक एवं मानसिक उन्नति के लिए जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त विभिन्न अवस्थाओं के विकास के लिए भारतीय ऋषि मुनियों ने अपने वेदोक्त तप के अनुभव से पूर्व योजना का निर्माण किया था ताकि मनुष्य आध्यात्मिक, भौतिक एवं नैतिक उन्नति का उपभोग कर अपने जीवन को पवित्र और सदैव स्वस्थ रख सकें। **वैदिकः कर्माभिः प्रेत्य चेह च**। म.स्मृ.(2.26)

गार्नेहोंमैजति कर्म चौल मौजीनिबन्धनैः ।

बैजिक गार्भिक चैनो द्विजानामपमृज्यते ।।(म.स्मृ. 2.27)

3.2 **संस्कारों का उद्देश्य** – हमारे भारतीय संस्कारों का मूल उद्देश्य मानव जाति का नैतिक विकास करना है क्योंकि मानव शिक्षा तो प्राप्त कर लेता है लेकिन अपने नैतिक कर्तव्यों को भूलता जा रहा है।

आचार्य गौतम ने चालीस संस्कारों का वर्णन करने के उपरान्त मनुष्य के आठ गुणों की महता का व्याख्यान देते हैं यथा- दया, क्षमा, अनुसूया, शौच, शम, उचित व्यवहार, निरीहता, निर्लोभता, इनका वर्णन करते हुए निर्देश देते है कि जिस व्यक्ति ने चालीस संस्कारों का अवबोध तो किया है, परन्तु आठ आत्मगुणों का जिसमें अभाव है उनमें लोगों का संस्कार अवबोध कर्म निरर्थक जब तक वह अपने नैतिक कर्तव्यों का पालन नहीं करता हैं। अतः संस्कार, शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक शुद्धि का श्रेष्ठ मार्ग व आचार हैं। इन संस्कारों से मानव की बाह्याभ्यन्तर शुद्धि होती है जिससे वह समाज का श्रेष्ठ आचारवान नागरिक बनता है। अन्य उद्देश्य मानव जाति की आत्मिक उन्नति करना है, जिससे उसका बाह्य परिष्कार

के साथ -साथ नैतिक आचाक का भी विकास हो सके। सविधि संस्कारों के अनुष्ठान से संस्कृत व्यक्ति में विलक्षण तथा अवर्णनीय गुणों का प्रादुर्भाव हो जाता है। जैसा कि वीर मित्रोदय में वर्णन है- यथा-

आत्मशरीरान्यतरनिष्ठो विहित क्रियाजन्योऽतिशय विशेषः संस्कारः । वी.मि. पृ. 191

कार्यः शरीरसंस्कारः पावनः प्रेत्यचेहच म. स्मृ. 2/26

3.3 **वैदिकसंस्कारों संस्कारों की प्राचीनता-** संस्कारों के मूल स्त्रोत हमारे भारतीय वेदों के गृह्यसूत्र हैं। यहाँ से यह प्रारम्भ होते हुए क्रमशः धर्मसूत्र, वेदांगादि में भी विस्तृत वर्णन प्राप्त होता हैं।

पूर्वाचार्यों के द्वारा संस्कार शब्द का प्रयोग अनेक सन्दर्भों में प्राप्त होता है। यथा- मीमांसाशास्त्र में यज्ञ के अंगभूत पुरोडाश की शुद्धि के लिए संस्कार शब्द का प्रयोग दोषामार्जन कर पवित्रता के लिए प्रयुक्त होता है।

'प्रोक्षणादिजन्यसंस्कारो यज्ञाङ्गपुरोडाशेष्विति द्रव्यधर्मः।(वाचसपत्यम्, भाग 5, पा.गृ.सू. पृ.14)

न्यायशास्त्र के आचार्य भावों को व्यक्त करने की आत्मव्यञ्जक शक्ति को ही संस्कार मानते हैं। उपर्युक्त साक्ष्यों से स्पष्ट होता है कि वैदिककाल से लेकर संस्कार शब्द शुद्धता का ही बोध कराता है। इस प्रकार गर्भाधान, पुसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूड़ाकर्म, कर्णभेद उपनयन, वेदारम्भ, समावर्तन विवाह, वानप्रस्थ, संन्यास, अन्त्येष्टि आदि वेदोक्त योजना से संस्कार करने पर बालको के पैतृक अर्थात् आनुवंशिक रोग तथा आचरण सम्बन्धित संस्कार जन्य दोष दूर होकर वेदोक्त बालकों का सर्वाङ्गीण विकास होता हैं।

3.4 **दो प्रकार के संस्कार-** हारीत स्मृति के अनुसार दो प्रकार के संस्कार होते हैं 1. ब्राह्म 2. दैव। गर्भाधान आदि ब्राह्म संस्कार एवं सप्तपाकसंस्था आदि याग देव संस्कार हैं। **द्विविधो हि संस्कारों भवति ब्राह्मो दैवश्चेति।(सं.ग. पृसं .7)**

स्मृतियों में यज्ञों का समावेश दैव संस्कारों के अन्तर्गत माना जाता है क्योंकि ये परोक्षरूप से पवित्र करने वाले संस्कार हैं और इनका मुख्य प्रयोजन देवों की आराधना है परन्तु संस्कारों का उद्देश्य व्यक्तित्व और जीवन को संस्कृत करना है। जैसा वीरमित्रोदय में वर्णन है-

पञ्चविंशतिर्संस्कारै संस्कृता ये द्विजातयः।

ते पवित्राश्च योग्याश्च श्राद्धादिषु नियोजिताः।।(संस्कारगणपतिः पृ.सं.9)

आचार्य अंगिरा ने 25 संस्कारों का वर्णन किया है यथा-

गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तो बलिरेव च।

जातकृत्यं नामकर्म निष्क्रमोऽन्नाषनं परम्।।

चौलकर्मोपनयनं तद्व्रतानाञ्चतुष्टयम्।

स्नानोद्वाही चाग्रयणमष्टकाच्च यथा तथा।।

श्रावण्यामाष्वयुज्याञ्च मार्गषीर्ष्याञ्च पार्वणम्।

उत्सर्गश्चाप्युपाकर्म महायज्ञाश्च नित्यशः।।

संस्कारा नियता ह्येते ब्राह्मणस्य विशेषतः।।(संस्कारगणपतिः पृ.सं.7)

गृह्यसूत्र, धर्मसूत्र, स्मृति ग्रन्थों के आधार हमें संस्कारों की संख्या भिन्न- भिन्न प्राप्त होती है यथा, मनु के अनुसार 13, गौतम के अनुसार 40, बृहस्पति के अनुसार 25 आदि। वर्तमान समाज में वेदव्यास के द्वार निर्दिष्ट 16 संस्कार प्रसिद्ध हैं।

तिथि विचार- सूर्योदय के समय जो तिथि हो, उसमें ही पठन-पाठन, व्रतोपवास, देवकर्म, दान, प्रतिष्ठा, विवाहादि मांगलिक कार्य करने चाहिए। शरीर पर तैल- उवटन, जन्म-मरण तथा श्राद्ध में तात्कालिक तिथि ही ग्रहण करनी चाहिए।

कुछ स्थानों पर पूर्णिमा से मास समाप्त होता है तो कुछ स्थानों पर अमावस्या से। पूर्णिमा से समाप्त होने वाला मास पूर्णिमान्त कहलाता हैं और अमावस्या से समाप्त होने वाला मास अमावस्यान्त कहलाता है। अथः अधिकांश स्थानों पर पूर्णिमान्त मास का ही प्रचलन है।

इस प्रकार चन्द्र मास में 30 तिथियाँ होती हैं। जो शुक्लपक्ष में प्रतिपदा से पूर्णिमा पर्यन्त पन्द्रह तिथि हैं। कृष्णपक्ष में प्रतिपदा से अमावस्या तक पन्द्रह तिथि हैं।

प्रदोषकाल- चतुर्थी का प्रथम प्रहर, सप्तमी का प्रथम डेढ़ प्रहर एवं त्रयोदशी के प्रथम दो प्रहर का समय प्रदोष संज्ञक है जो शुभ कर्मों में ताज्य है।

ब्रह्मपुराण के अनुसार- षष्ठी एवं द्वादशी अर्द्ध रात्रि के एक घटी पूर्व तक हो तथा नौ घटी रात्रि तक तृतीया हो तो उसमे अध्ययन नहीं करना चाहिए।

निर्णयामृत के अनुसार - रात्रि में तीन प्रहर से पहले सप्तमी व त्रयोदशी हो तो प्रदोष होता है।

स्कन्दपुराण के अनुसार- सूर्यास्त के बाद छः घटी प्रदोषकाल होता है।

प्रतिपदादि तिथियों करने योग्य कार्य-

प्रतिपदा कृष्णपक्ष-गृहारम्भ, ग्रहप्रवेश, सीमन्तोनयन,चौलकर्म, उपनयन,यात्रा, विवाह, प्रतिष्ठा, शान्तिक तथा पौष्टिक कार्य शुभ हैं।

द्वितीया- उपनयन,वास्तुकर्म, प्रतिष्ठा, यात्रा,विवाह मुहूर्त, आभूषण खरीदना, संगीत विद्या के लिए, देश व राज्य सम्बन्धी कार्य तथा वित्तीय कार्य आदि कार्य करना शुभ माना गया है। इस तिथि में तेल लगाना वर्ज्य है।

तृतीया- सीमन्तोनयन, चूड़ाकर्म, अन्नप्राशन, उपनयन, सगीत विद्या, शिल्पकला, गृह प्रवेश, विवाह, यात्रा, राजकार्य आदि शुभ कार्य कार्य करने चाहिए।

चतुर्थी- बिजली कार्य, शत्रु सम्बन्धित कार्य, अग्नि सम्बन्धी कार्य, शस्त्रों का प्रयोग करना आदि क्रूर कार्य शुभ माने जाते है।

पञ्चमी-समस्त शुभ कार्य, ऋण देना वर्जित है एवं चरस्थरादि कार्य किए जा सकते हैं।

षष्ठी-युद्ध सम्बन्धित कार्य, शिल्प कार्य, वास्तुकर्म, गृहारम्भ, नवीन वस्त्र , तैलाभ्यंग, अभ्यंग, पितृकर्म, दातुन, आवागमन, काष्ठकर्म तथा पितृ कार्य कार्य वर्जित हैं।

सप्तमी- चूड़ाकर्म, अन्नप्राशन, उपनयन, विवाह, संगीत, आभूषणों का निर्माण और नवीन आभूषणों को धारण किया जा सकता है. यात्रा, वधुप्रवेश, गृहप्रवेश, राज्य संबंधी कार्य, वास्तुकर्म, संस्कार, आदि सभी शुभ तथा द्वितीया, तृतीया और पंचमी तिथियों में निर्दिष्ट कार्यों को करना चाहिए।

अष्टमी- युद्ध , अस्त्र-शस्त्र धारण, लेखन कार्य, वास्तुकार्य, शिल्प संबंधित कार्य, रत्नों से संबंधित कार्य, आमोद-प्रमोद तथा मनोरंजन सम्बन्धित कार्य करने चाहिए परन्तु इस दिन सात्त्विक भोजन ही करना चाहिए।

नवमी- आखेट, शस्त्र निर्माण, झगड़ा करना, जुआ खेलना, मद्यपान एवं निर्माण कार्य तथा चतुर्थी तिथि में किए जाने वाले कार्य भी किए जाने चाहिए।

क्षय-वृद्धि तिथि विचार-क्षय-वृद्धि तिथियों में किए गए कार्य निष्फल हो जाते हैं।

दशमी -समस्त राजकार्य ,हाथी, घोड़ों तथा वाहनों संबंधित कार्य, विवाह, संगीत, वस्त्र, आभूषण, यात्रा ,गृह-प्रवेश, वधु-प्रवेश, शिल्प, अन्न प्राशन, चूड़ाकर्म, उपनयन संस्कार आदि कार्य तथा द्वित्तीया, तृतीया, पंचमी तथा सप्तमी को किए जाने वाले कार्य किए जाने वाले कार्य शुभ है।

एकादशी- व्रतोपवास धार्मिक कार्य, देव उत्सव, वास्तुकर्म, युद्ध सम्बन्धित, शिल्प, यज्ञोपवीत, गृहारम्भ, यात्रा संबंधी, मद्यनिर्माण आदि शुभ कार्य किए जा सकते हैं।

द्वादशी- समस्त चर-स्थिर कार्य, उपनयन, विवाह, गाड़ी चलाना, सड़क निर्माण आदि शुभ कार्य किए जा सकते हैं लेकिन तैलमर्दन, नूतन गृह निर्माण-प्रवेश तथा यात्रा वर्ज्य है।

शुक्ल -त्रयोदशी- युद्ध कार्य, सेना, अस्त्र-शस्त्र, ध्वज निर्माण, राजकार्य, वास्तु कार्य, संगीत, किए जा सकते हैं लेकिन इस तिथि में यात्रा, गृह प्रवेश, नवीन वस्त्राभूषण तथा यज्ञोपवीत आदि कार्य वर्ज्य है। द्वितीया, तृतीया, पंचमी, सप्तमी तथा दशमी वर्णित कार्य किए जा सकते हैं।

चतुर्दशी- विष प्रयोग, शस्त्र धारण, क्रूर तथा उग्र कर्म करने चाहिए तथा चतुर्थी तिथि में किए जाने वाले कार्य किए जा सकते हैं लेकिन क्षौर और यात्रा करना वर्जित है।

पूर्णिमा- विवाह, यज्ञ, शिल्प, आभूषणों से संबंधित कार्य, वास्तुकर्म, संग्राम, जलाशय, यात्रा, शांतिक तथा पौष्टिक जैसे सभी मंगल कार्य किए जा सकते हैं।

अमावस्या- पितृकर्म, महादान करने चाहिए परन्तु अन्य शुभ कर्म ही करने चाहिए।

इसे भी समझे- जो कार्य जिस वार में सम्पन्न नहीं हो सकें तो उस कार्य को उस वार की काल होरा में करना चाहिए।

अमावस्या और पूर्णिमा का विशेष विचार - अमावस्या तिथि तीन प्रकार की होती है- सिनीवाली, दर्श और कुहू। प्रातःकाल से प्रारंभ होकर रात्रि पर्यन्त व्यापिनी अमावस्या **सिनीवाली** , चतुर्दशी से विद्धा **दर्श** तथा प्रतिपदा से युक्ता **कुहू** संज्ञक होती है। इसी प्रकार **पूर्णिमा** की भी दो संज्ञाएँ होती है- **अनुमति** और **राका**। रात्रि को एक कलाहीन और दिन में पूर्णचन्द्र से सम्पन्न **अनुमति** संज्ञक चतुर्दशी से युक्त होती है और रात्रि में पूर्ण चन्द्र सहित पूर्णिमा प्रतिपदा से युक्त **राका** होती है।

वार विचार- वारदोष , परिहार, भारतीय पञ्चाङ्ग विधान में सौर दिन को सावन दिन कहा जाता है। एक सूर्योदय से द्वितीय सूर्योदय होने के पूर्व समय को वार माना जाता है। सृष्टि का शुभारम्भ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं रविवार से हुई अतः सप्ताह का आरम्भ सूर्य, चन्द्र,मङ्गल, बुध, गुरु, शुक्र और शनि आदि प्रमुख ग्रहों पर आधारित हैं जैसा कि पिछले **ग्रहभेदाध्याय** में आपने वार क्रम पढ़ा।

वारों की ध्रुव, स्थरादि संज्ञा- रविवार- चर और स्थिर संज्ञक है। अतः इस दिन नवीन वस्त्र धारण, यज्ञ, मन्त्रोपदेश, राज्याभिषेक, गीत, राज्यसेवा, औषधि क्रय, पशुओं का क्रय- विक्रय, सुवर्ण, रजत और ताम्र सम्बन्धित कार्य करना चाहिए।

सोमवार- चर और चल संज्ञक हैं। इस दिन ग्रहारम्भ, कृषि कार्य, उद्यान, गाय- भैस का क्रय-विक्रय, आभूषण निर्माण और गीत इत्यादि कार्य करने चाहिए।

पूर्वाह्न में देवता पूजन, संस्कारादि एवं मांगलिक कर्म, मध्यान काल में अतिथि सत्कार व व्यावहारिक कार्य तथा अपराह्न में श्राद्धादि पितृ कार्य करने चाहिए।

कुजवार- उग्र और क्रूर संज्ञक है। इस दिन सन्धि- विच्छेद, सैन्य एव युद्ध सामग्री का संग्रह, छल-कपट, सुवर्ण, मूगा आदि से सम्बन्धित कार्य करना चाहिए।

बुधवार- मिश्र और साधरण संज्ञक है। इसमें अध्ययनारम्भ, साहित्य, सगीत, कला,पाणिग्रहण, धान्यसंग्रह और प्रतिमा निर्माण का कार्य करना चाहिए।

गुरुवार- यह लघु और क्षिप्र संज्ञक है। इस दिन यज्ञ, विद्यारम्भ, धार्मिक कृत्य, वाहन क्रय- विक्रय, पौष्टिक कर्म, औषधि कार्य, प्रवास- आरम्भ और आभूषण धारण करने चाहिए।

शुक्रवार- मृदु और मैत्र संज्ञक है। इस वार में कृषि कार्य, वाणिज्य कार्य, मैत्री, ऐश्वर्यवर्द्धक कार्य, नूतन वस्त्र- आभूषणों का धारण, स्त्रीविषयक कार्य, नृत्य, गीतादि कार्य करने चाहिए।

शनिवार- दारुण और तीक्ष्ण संज्ञक है। इस वार में यज्ञ के लिए काष्ठ संग्रह, नवीन वाहन क्रय- विक्रय, अस्त्र- शस्त्र कार्य, असत्य भाषण, छल-कपट, तस्करी आदि कार्य करने चाहिए।

वार दोषों का सामान्य उपाय- यदि कार्य उस वार में आवश्यक हो तो रविवार को ताम्बूल भक्षण एवं दान, सोमवार को चन्द्र लगाना व दान, कुजवार को भोजन एवं पुष्प दान, बुधवार को बुध मंत्र का जप, गुरुवार को शिवाराधना एवं भोजन दान, शुक्रवार को श्वेत वस्त्र दान व धारण, शनिवार को ब्राह्मण सेवा एव तैलस्नान करने के बाद कार्य प्रारम्भ करना चाहिए।

नक्षत्र -आकाश में स्थित तारा समूह को नक्षत्र कहते हैं। अर्थात् आकाश में स्थित तारा समूह ही नक्षत्र हैं और ये चन्द्रमा के पथ से जुडे हैं। आकाश का मान 360 माना जाता है। इस भचक्र को 27 भागों मे विभाजित करने पर 13 अंश 20 कला का एक नक्षत्र का मान प्राप्त होता है तथा किसी समय पृथ्वी के जिस नक्षत्रपुञ्ज में चन्द्रमा दिखे उस समय वही नक्षत्र होता है। मूलत: 27 नक्षत्र होते हैं। 28 वां अभिजित (उत्तराषाढ़ा के चतुर्थ चरण की अन्तिम 15 घटी एवं श्रवणा नक्षत्र का प्रथम पाद की 4 घटी) नक्षत्र का

मान होता है। चन्द्र उक्त सत्ताईस नक्षत्रों में भ्रमण करता है तथा एक नक्षत्र में चार चरण होते हैं, प्रति चरण 3 अंश 20 कला का होता है।जैसा कि अथर्ववेद के 19वें काण्ड के 7वें सूक्त में 28 नक्षत्रों का वर्णन हैं।

सुहवमग्ने कृत्तिका रोहिणी चास्तु भद्रं मृगशिरः शमार्द्रा।

पुनर्वसू सूनृता चारु पुष्यो भानुराश्लेषा अयनं मघा मे ॥

पुण्यं पूर्वा फल्गुन्यौ चात्र हस्तश्चित्रा शिवा स्वाति सुखो मे अस्तु।

राधे विशाखे सुहवानुराधा ज्येष्ठा सुनक्षत्रमरिष्ट मूलम् ॥

अन्नं पूर्वा रासतां मे अषाढा ऊर्जं देव्युत्तरा आ वहन्तु।

अभिजिन्मे रासतां पुण्यमेव श्रवणः श्रविष्ठाः कुर्वतां सुपुष्टिम् ॥

आ मे महच्छतभिषग्वरीय आ मे द्वया प्रोष्ठपदा सुशर्म।

आ रेवती चाश्वयुजौ भगं म आ मे रयिं भरण्य आ वहन्तु ॥ (अथर्ववेद.19.7.2,3.4.5)

1. कृत्तिका, 2. रोहिणी, 3. मृगशिरा, 4. आर्द्रा, 5. पुनर्वसु, 6. पुष्य, 7. आश्लेषा, 8. मघा, 9.पूर्वा-फल्गुनी, 10. उत्तरा फल्गुनी, 11. हस्त, 12. चित्रा, 13. स्वाति, 14. विशाखा, 15. अनुराधा, 16. ज्येष्ठा, 17. मूल, 18. पूर्वाषाढा, 19. उत्तराषाढा, 20. अभिजित, 21. श्रवण, 22. श्रविष्ठा (धनिष्ठा), 23. शतभिषज् (शतभिषा), 25. दोनों प्रोष्ठपदा (पूर्वा भाद्रपदा और उत्तरा भाद्रपदा), 26 रेवती, 27. दो अश्वयुज् (अश्विनी) तथा 28. भरणी।

नक्षत्रसंज्ञा- स्वभाव के अनुसार नक्षत्रों के ध्रुव, चर, उग्र, मिश्र, लघु, मृदु और तीक्ष्ण ये सात भेद हैं।

ध्रुव एवं स्थिर नक्षत्र- रविवार के दिन रोहिणी, उत्तरा फाल्गुनी, उत्तराषाढ़, उत्तराभाद्रपद होने से बीजवपन, गृहप्रवेश, उद्यान, नगर प्रवेश, गायन आरम्भ, वस्त्र धारण, कामक्रीडा, आभूषण निर्माण एवं धारण, शुभकार्य, नृत्य एवं मैत्री आदि कार्य उत्तम माने जाते हैं।

चर - चल नक्षत्र- सोमवार को पुनर्वसु, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा, शतमिषा आदि नक्षत्रों में वाहन क्रय-विक्रय और प्रशिक्षण,यात्रा, कला, दुकान खोलना इत्यादि कार्यो का प्रारंभ करना श्रेष्ठ हैं।

जन्म नक्षत्र में अन्नप्राशन, उपनयन और राज्याभिषेक आदि कार्य प्रशस्त हैं परन्तु सीमन्तोनयन, चूडाकरण, यात्रा, विवाह, औषधि सेवन एवं वादविवाद इन नक्षत्रों में वर्जित है।

उग्र एवं क्रूर नक्षत्र- मंगलवार को भरणी, मघा, पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा, और पूर्वाभाद्रपद यदि हो तो अग्नि कार्य, छल-कपट, यन्त्र- तंत्र का प्रयोग, पशु वशीकरण इत्यादि निन्दित कार्य उत्तम माने जाते हैं।

मिश्र एवं साधारण नक्षत्र- बुधवार को कृतिका, विशाखा यदि हो तो व्यापार, अग्नि कार्य, अपहरण,शस्त्र, विषघात और अग्निहोत्र कार्य उत्तम माने जाते हैं।

क्षिप्र एवं लघु नक्षत्र- गुरुवार को अश्विनी, पुष्य, हस्त, अभिजित, इत्यादि नक्षत्रों में से हो तो वस्तुओं का क्रय- विक्रय, रतिकार्य, साहित्य, सगीत, कला, चित्रकला, शास्त्राध्ययन-ज्ञानार्जन एवं वाहन कार्य, औषधि दान आदि कार्य श्रेष्ठ हैं।

मृदु – मैत्र नक्षत्र- मृगशिरा, चित्रा, अनुराधा, रेवती यदि शुक्रवार को हो तो गीत- वाद्य कार्य, गृह सम्बम्धी कार्य, बीजवपन, आभूषण निर्माण व धारण, क्रीड़ा, मित्रता और शपथ ग्रहण आदि कार्य कल्याणकारी माने जाते हैं।

तीक्ष्ण एवं दारुण नक्षत्र – आद्रा, आश्लेषा, ज्येष्ठा, और मूल नक्षत्र अभिचार कर्म, मारण, उच्चाटन के लिए अनुष्ठान हाथी घोडों का व वाहन प्रशिक्षण,बीजवपन, पौष्टिक कर्म, विद्यारम्भ, मनोरंजक कार्य करने चाहिए।

का वर्गीकरण मुख ज्ञान के आधार पर तीन श्रेणियों में किया गया है।

उर्ध्व मुख नक्षत्र -रोहिणी, आद्रा, पुष्य, उत्तरफाल्गुनी, उत्तराषाडा, श्रवण, धनिष्ठा, शतमिषा, उत्तरभाद्रपद उर्ध्वमुख नक्षत्र कहलाते हैं। इसमें देवालय निर्माण, गृह निर्माण, ध्वजारोहण, बगीचा निर्माण, यात्रा, राज्याभिषेक, और समस्त मांगलिक कार्य अभीष्ट फल देते हैं।

अधोमुख नक्षत्र -भरणी, कृतिका, आश्लेषा, मघा, पूर्वफाल्गुनी, विशाखा, मूल, पूर्वाषाढ़ा एवं पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र अधोमुख हैं। इसमें गणित, ज्यौतिष, शिल्पकला का अध्ययन, रेलगाडी सुरंग, कूप, तालाब, खान, नलकूप, नींव का खनन, गड़े द्रव्य का निष्कासन पशुओं का क्रय- विक्रय, वाहन क्रय- विक्रय तथा प्रशिक्षण आदि कार्य उत्तम माने जाते हैं।

तिर्यङ्-पार्श्वमुख नक्षत्र -अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, ज्येष्ठा और रेवती पार्श्वमुख नक्षत्र हैं, इसमें पशुओं का क्रय-विक्रय, वाहन क्रय- विक्रय व निर्माण तथा प्रशिक्षण, खेत में हल चलाना, यात्रा व पत्र व्यवहार के कार्य में उत्तम माने जाते हैं।

सुवर्णपाद नक्षत्र -रेवती, अश्विनी, भरणी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, सुवर्णपाद नक्षत्र हैं, इनका फल सर्व सौख्यप्रद है।

रजतपाद नक्षत्र -आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, श्लेषा, मघा, पू. फाल्गुनी, उ. फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाती, ये रजतपाद नक्षत्र कहलाते हैं। इनका फल सौग्यदाभायक है।

लौहपाद नक्षत्र -विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, लौहपाद नक्षत्र हैं, इनका फल धनहानि है।

ताम्रपाद नक्षत्र- उ.षा., पू.षा., श्रवण, धनिष्ठा, शतमिषा, पू.भा., उ.भा. ताम्रपाद कहलाते हैं। इनका फल शुभ है।

पञ्चक विचार- धनिष्ठा, शतभिषक, पूर्वभाद्रपद, उत्तरभाद्रपद और रेवती आदि पाँच नक्षत्र अनेक कार्यों में वर्ज्य हैं। इन नक्षत्रों में दक्षिण दिशा की यात्रा, प्रेतकार्य, काष्ठक्षेदन- काष्ठसंचय, पलंग निर्माण, ताम्बा एवं पीतल का संचय सर्वदा वर्ज्य है।

चोरी गत वस्तुओं का लाभालाभ विचार-

अन्धाक्ष नक्षत्र	मध्याक्ष नक्षत्र	मन्दाक्ष नक्षत्र	सुलोचन नक्षत्र
रोहिणी, पुष्य, उ.फाल्गुनी, विशाखा, पूर्वाषाढ़ा, धनिष्ठा, रेवती	भरणी, आर्द्रा, मघा, चित्रा, ज्येष्ठा, अभिजित, पूर्वाभाद्रपद	अश्वनी, मृगशिरा, आश्लेषा, हस्त, अनुराधा, उत्तराषाढ़ा, शतभिषा	कृतिका, पुनर्वसु, पूर्व. फा. स्वाती, मूल, श्रवण, उत्तराभाद्रपद

पूर्व दिशा में शीघ्र लाभ।	पश्चिम दिशा में ज्ञात होने पर भी प्राप्ति नहीं।	दक्षिण दिशा में प्रयास से मिले	उत्तर दिशा में तथा प्राप्ति नहीं होती।

जैसा कि मुहूर्तचिन्तामणि में कहा गया है-

अन्धाक्षं वसुपुष्यधातृजलभद्वीशार्यमान्त्याभिधं

मन्दाक्षं रविविश्वमित्रजलपाश्लेषाश्विचान्द्रं भवेत् ।

मध्याक्षं शिवपित्रजैकचरणात्वष्ट्रेन्द्रविध्यन्तक

स्वक्षं स्वात्यदितिश्रवोदहनभाहिर्बुध्न्यरक्षो भगम् ।।

यदि आश्लेषा, ज्येष्ठा, मूल यदि शनिवार को हो तो निन्दित कार्य उत्तम माना जाता है।

योग- सूर्य-चन्द्रमा की गति-योग ही 'योग' होता है। योग 27 प्रकार के होते हैं। चन्द्रमा और सूर्य दोनों मिलकर जितने समय में एक नक्षत्र के बराबर दूरी तय करते हैं उसे योग कहते हैं, क्योंकि चन्द्रमा और सूर्य की दूरी ही योग है । ग्रहों की विशेष स्थितियों को भी योग कहा जाता है। तारामण्डल में चन्द्रमा के पथ को 27 भागों में विभाजित किया गया है, प्रत्येक भाग को नक्षत्र कहा गया है।जब सूर्य और चन्द्रमा की गति में 13° 20′ का अन्तर आता होने से एक योग बनता है। इस प्रकार तारामण्डल का 13° अंश 20' का एक भाग नक्षत्र है। इस प्रकार दूरियों के आधार पर बनने वाले 27 योगों के नाम क्रमश: निम्नलिखित हैं- विष्कुम्भ, प्रीति, आयुष्मान, सौभाग्य, शोभन, अतिगण्ड, सुकर्मा, धृति, शूल, गण्ड, वृद्धि, ध्रुव, व्याघात, हर्षण, वज्र, सिद्धि, व्यतीपात, वरीयान, परिघ, शिव, सिद्ध, साध्य, शुभ, शुक्ल, ब्रह्म, इन्द्र और वैधृति। इन 27 योगों में से कुल 9 योगों को अशुभ माना जाता है और उनमें सभी प्रकार के शुभ कार्यों को नहीं करना चाहिए। यथा- विष्कुम्भ, अतिगण्ड, शूल, गण्ड, व्याघात, वज्र, व्यतीपात, परिघ और वैधृति। - **विष्कुम्भादि, शुभाशुभ विचार एवं अपवाद।**

करण विचार- तिथि का आधा करण होता है अर्थात् एक तिथि में दो करण होते हैं- एक पूर्वार्ध में तथा एक उत्तरार्ध में। कृष्णपक्ष चतुर्दशी के उत्तरार्ध से करणों की प्रवृत्ति होती

करण के प्रकार- दो प्रकार के करण होते हैं- (1) चर करण (2) स्थिर करण ।

बव करण में पौष्टिक, बालव में पठन, पाठन, यज्ञ एवं दानादि कर्म कौलव- तैलिल में मैत्री व स्त्रीविषयक, गर में बीजारोपण व हलप्रवहण, वणिज में व्यापारिक, विष्टि में युद्ध व क्रूर कर्म, शकुनि में ओषधि निर्माण, उपयोग व सिद्धि, चतुष्पद में राज्य कार्य व अन्य शुभ कर्म और किंस्तुघ्न करण में शुभ कार्य प्रशस्त होते हैं।

स्थिर करण- स्थिर करण 4 होते हैं- शकुनि, चतुष्पाद, नाग और किंस्तुघ्न। कृष्ण पक्ष चतुर्दशी के उत्तरार्ध में शकुनि, अमावस्या के पूर्वार्ध में चतुष्पाद, अमावस्या के उत्तरार्ध में नाग और शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के पूर्वार्ध में किंस्तुघ्न करण होता है।

चर करण - चर करण 7 होते हैं- यथा- बव, बालव, कौलव, तैतिल, गर, वणिज, विष्टि। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के उत्तरार्ध से बव आदि चर करण होते हैं। प्रतिपदा के उत्तरार्ध में बव, द्वितीया के पूर्वार्ध में बालव तथा उत्तरार्ध में कौलव इस प्रकार बव, बालव, कौलव,तैतिल, गर, वाणिज और विष्टि सात करणों की प्रवृत्ति होती है। यथा सूर्यसिद्धान्त में-

ध्रुवाणि शकुनिर्नागं तृतीय तु चतुष्पदम् ।
किस्तुघ्नतु चतुर्दश्या: कृष्णायाश्चापरार्धत: ॥
बवादीनि तत: सप्त चराख्यकरणानि च।
मासे उष्टकृत्व एकेकं करणानां प्रवर्तते ॥
तिथ्यर्धभोगं सर्वेषां करणानां प्रकल्पयेत् ।
एषा स्फूटगति: प्रोक्ता सूर्यादीनां खचारिणाम् ॥

भद्राविचार- विष्टि करण को भद्रा कहते हैं। भद्रा में शुभ कार्य वर्जित माने गए हैं। मास के कुल आठ तिथ्यर्धों में भद्रा करण का वास होता है। शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि तथा पूर्णिमा का पूर्वार्द्ध, चतुर्थी तिथि एवं एकादशी का उत्तरार्द्ध, कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि एवं दशमी का उत्तरार्द्ध, सप्तमी तिथि और चतुर्दशी के पूर्वार्ध में भद्रा का वास माना जाता है। इन आठ तिथियों में वास करने वाली भद्रा का अलग- अलग नामकरण किया गया है तथा ये क्रमशः कराली, नन्दिनी, रौद्री, सुमुखी, दुर्मुखी, त्रिशिरा, वैष्णवी तथा हंसी संज्ञा से जानी जाती हैं। तिथि के पूर्वार्द्ध में जो भद्रा होती है उसे दिवा भद्रा कहा गया है, जबकि

तिथि के उत्तरार्द्ध में भद्रा हो तो वह रात्रि भद्रा कही जाती है। दिवा भद्रा दिन में तथा रात्रि भद्रा रात्रि में हो तो क्रमशः कही जाएगी और दिवा भद्रा दिन में तथा रात्रि भद्रा दिन में होने पर विपरीत क्रम से होती है। पक्ष के आधार पर भी 'भद्रा' का विशेष नामकरण किया गया है, कृष्ण पक्ष की भद्रा वृश्चिकी संज्ञा एवं शुक्ल पक्ष की तिथियों वाली भद्रा 'सर्पिणी से जानी जाती है। वृश्चिकी भद्रा की पुच्छ और सर्पिणि भद्रा के मुख में शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

भद्रा करण का अंग विभाग-

भद्रा की अन्तिम 3 घटियों में आवश्यक कार्य हो तो शुभ कार्य कर सकते हैं।

घटी	5	1	11	4	6	3
अंग	मुख	कण्ठ	हृदय	नाभि	कटि	पुच्छ
फल	कार्यनाश	मृत्यु	द्रव्यनाश	द्वन्द्व	बुद्धिनाश	कार्यसिद्धि

भद्रा काल को उसके अंगों मुख, कण्ठ, हृदय, नाभि, कटि प्रदेश तथा पुच्छ में निवास करती है।

शुभाशुभ – बव, बालव, कौलव, तैतिल, गर, वणिज आदि चर करण मांगलिक कार्यों के लिए प्रशस्त हैं।भद्रा पुच्छ की घडियाँ शुभ तथा शुभ कार्यों के लिए श्रेष्ठ होती है। अतः युद्धादि क्रूर कार्यों को इसके काल में कर सकते हैं।स्थिर चार करणों में पितृ समन्धित कार्य शुभ होते हैं।

पक्ष ज्ञान - शुक्लपक्ष एवं कृष्णपक्ष। प्रत्येक मास में प्रायः तीस दिन होते हैं। तीस दिनों को चंद्रमा की कलाओं के घटने और बढ़ने के आधार पर चन्द्रमा के चक्र के दो भाग है। दो भाग यानी शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में विभाजित किया गया है। एक पक्ष में पन्द्रह दिन होते हैं। शुक्ल पक्ष में चन्द्रमा की कलाएँ अमावस्या के उपरांत 12 डिग्री हर दिन बढ़ने लगती हैं। इसलिए यह पक्ष रात में रोशनी से जगमगाता दिखाई पड़ता है। कृष्ण पक्ष में चन्द्रमा पूर्णिमा के उपरांत प्रतिदिन क्रमशः 12 डिग्री अमावस्या तक घटता रहता है। अतः इस पक्ष में रात में चाँदनी नहीं होती है। ऋग्वेद के 10/85/19 वें मन्त्र में (नवो नवो भवति जायमानो....। लगध मुनि का "वेदांग ज्योतिष" और इस ग्रन्थ के षष्ठं श्लोक (माघ शुक्ल प्रपन्नस्य....

मास – दो पक्षों से मिलकर एक मास का निर्माण होता है। मास की गणना सूर्य और चन्द्र के आधार पर की जाती है। सूर्य के आधार पर गणना करने पर उसे सौर मास और चन्द्रमा से गणना करने पर चान्द्रमास की संज्ञा दी जाती है। चान्द्रमास की गणना शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से और सौर मास की गणना मेष संक्रान्ति से चैत्रादि 12 मास प्रारंभ होते हैं।

नक्षत्रों के अनुसार चन्द्रमास -

हमारे भारतीय बारह मासों के नाम गगन मण्डल के नक्षत्रों के नामों पर रखे गये हैं। जिस मास में जो नक्षत्र आकाश में प्रायः रात्रि के आरम्भ से अन्त तक दिखाई देता है या जिस मास की पूर्णिमा को चन्द्रमा जिस नक्षत्र में होता है, उसी के नाम पर उस मास का नाम रखा गया है। यथा-चैत्र -चित्रा, स्वाति। वैशाख- विशाखा, अनुराधा। ज्येष्ठ- ज्येष्ठा, मूल। आषाढ़- पूर्वाषाढ़, उत्तराषाढ़। श्रावण- श्रवणा, धनिष्ठा। शतभिषा, भाद्रपद- पूर्वभाद्र, उत्तरभाद्रपद। आश्विन- रेवती, अश्विनी, भरणी। कार्तिक- कृतिका, रोहिणी। मार्गशीर्ष- मृगशिरा, आर्द्रा। पौष- पुनवर्सु, पुष्य। माघ-अश्लेषा, मघा। फाल्गुन-पूर्व फाल्गुनी, उत्तर फाल्गुनी, हस्त।

सौरमास- स्पष्ट सूर्य की एक दिन सम्बन्धी गति तुल्य काल को सौर दिन कहते हैं। मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन ये बारह राशियों को ही बारह सौरमास माना जाता है। जिस दिन सूर्य जिस राशि में प्रवेश करता है उसी दिन संक्रान्ति होती है और इस राशि प्रवेश से ही सौरमास का दूसरा मास प्रारंभ माना जाता है सूर्य के प्रवेशानुसार मेषादि 12 सौरमास हैं। सूर्य की एक संक्रान्ति से दूसरी संक्रांति का समय सौरमास कहलाता है। अर्थात् सूर्य जितने समय तक एक राशि में रहता है, उसे सौर मास कहा जाता है। एक सौरमास में 30 दिन एवं 10 घण्टे होते हैं। इन्हीं बारह सौरमासों का एक सौर वर्ष होता है और सौरवर्ष में 365 दिन होते हैं। यथा सूर्यसिद्धान्त में

ऐन्दवस्तिथिभिस्तद्वत् संक्रान्त्या और उच्यते।

मासैर्द्वादशभिर्वर्षं दिव्यं तदह उच्यते।

इसे भी समझे- दिन-रात्रि मान, षडशीतिमुख संक्रान्तियों का मान, अयन, विषुव तथा संक्रान्तियों का पुण्यकाल, यज्ञ, उपनयनादि षोडष संस्कार, ऋण का आदान-प्रदान सौरमास द्वारा ही किए जाते हैं।

संवत्सर विचार-

बारह महीने का कालविशेष को ही संवत्सर कहते हैं। भारतीय वर्ष गणना प्रणालियों में प्रत्येक वर्ष को संवत् कहा जाता है। हिन्दू , बौद्ध , और जैन परम्पराओं में कई संवत् प्रचलित हैं जिसमे विक्रमी सवंत एवं शक संवत् प्रसिद्ध हैं। ब्राह्म, दैव, पित्र्य, सौर, सावन, चान्द्र, और बार्हस्पत्यादि काल हैं परन्तु **बार्हस्पत्य एवं चान्द्र मान से संवत्सर की गणना की जाती** है। प्रभवादि संवत्सरों का फल उनके नामानुगण होता है। शालिवाहन शक और विक्रम संवत् में 135 का अन्तर होता है तथा वर्तमान शक् संवत् में 135 जोड़ने पर विक्रम संवत्सर प्राप्त होता है।

यथा- 1945+135=2080 विक्रम संवत्सर।

यथा- संवत् 2023+9= 2032 प्राप्त संख्या को 60 से विभाजित करने पर 33 लब्धि तथा शेष 52। इस प्रकार 52 संवत्सर समाप्त हो गए और शुभकृत संवत्सर वर्तमान में है।

वर्तमान संवत् में 9 जोड़कर लब्ध संख्या को 60 से विभाजित करने पर गत संवत्सर प्राप्त होता है।

विश्व में प्रचलित ईस्वी संवत् का ये 2023 वर्ष है। पंचांगों में संवत् प्रचलित हैं, तथा भारत के बहुत से क्षेत्रों में विक्रम संवत् प्रचलित है। विक्रम संवत् का आरम्भ मार्च एव अप्रैल से होता है। यथा- मार्च व अप्रैल 2023 से विक्रमी संवत् 2080 है।

संवत् या तो कार्तिक कृष्ण पक्ष से आरम्भ होते हैं या चैत्र कृष्ण पक्ष से तथा कार्तिक से आरम्भ होने वाले संवत् को कर्तक संवत् कहते हैं। संवत् में अमावस्या को अंत होने वाले मास (अमावस्यान्त मास) या पूर्णिमा को अन्त होने वाले मास (पूर्णिमान्त) मास कहा जाता है। किसी संवत् में पूर्णिमान्त मास का और किसी में अमावस्यान्त मास का प्रयोग होता है । भारत के अलग अलग स्थानों पर एक ही नाम की संवत् परम्परा में पूर्णिमांत या अमावस्यांत मास का प्रयोग हो सकता है। विक्रम संवत् का आरम्भ चैत्र मास के कृष्ण पक्ष से होता है। कार्तिक कृष्ण पक्ष दिवाली से आरम्भ होता है , इस दिन से वर्ष का आरंभ होने वाले संवत् को विक्रम संवत् (कर्तक) कहा जाता है। संवत् के अनुसार एक वर्ष की अवधि को भी संवत् कहा जा सकता है।

युगों के अधिपति-

12 युग	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
स्वामी	विष्णु	बृहस्पति	इन्द्र	अग्नि	विश्वकर्मा	अहिर्बुध्न्य	पितर	विश्वेदेवा	चन्द्र	इन्द्राग्नि	अश्वनी	भग

ऋतुज्ञान चक्र-

मेषादि दो-दो राशियों का भोगकाल ऋतु कहलाता है। इस प्रकार कालगणना में एक वर्ष को छः ऋतुओं में विभाजित किया गया है। जैसा कि सूर्य सिद्धान्त में कहा गया है - **"द्विराशिनाथा ऋतवस्ततोऽपि शिशिरादयः"** सौर गणना के अनुसार दो सक्रान्तियों की और दो चन्द्र मास की भी एक ऋतु होती है।

यथा- **सूर्य एवं चान्द्र मास के अनुसार वसंतादि ऋतु चक्र-**

ऋतुएँ	वसन्त	ग्रीष्म	वर्षा	शरद	हेमंत	शिशिर
सौरमास	मीन,मेष	वृषभ, मिथुन	कर्क, सिंह	कन्या, तुला	वृश्चिक, धनु	मकर, कुंभ
चान्द्रमास	चैत्र	ज्येष्ठ	श्रावण	आश्विन	मार्गशीर्ष	माघ
मास	वैशाख	आषाढ़	भाद्रपद	कातिक	पौष	फाल्गुन

अयन ज्ञान – उत्तरायण और दक्षिणायण।

अयन का शाब्दिक अर्थ चलना। अर्थात् सूर्य कर्कादि छः राशियों में दक्षिण दिशा की ओर गमन दक्षिणायन तथा मकर आदि छः राशियों में उत्तर दिशा की ओर गमन उतरायण काल कहलाता है। क्रान्तिवृत्त का उत्तर एव दक्षिण गोल विभाजन ही उत्तरायण और दक्षिणायण कहलाता है। सौर-वर्ष के दो भाग हैं- उत्तरायण छः मास का और दक्षिणायन भी छः मास का। इस प्रकार दो अयन उत्तरायण और दक्षिणायन होते हैं। उत्तरायण को देवताओं का दिन एवं दक्षिणायन में देवताओं की रात्रि होती है। श्रविष्ठादि (धनिष्ठा के आरम्भ) में सूर्य व चन्द्रमा उत्तर की ओर गमन (उत्तरायण) करते हैं तथा सार्पार्ध (आश्लेषा के आधे) में दक्षिण की ओर प्रवृत्ति

उत्तरायण तीर्थ यात्रा, प्रतिष्ठा, यज्ञोपवीत, ग्रहप्रवेश, कूप निर्माण, नूतन गृहप्रवेश और विवाह संस्कारादि आदि कार्यों के लिए शुभ समय है।

(दक्षिणायन) होते हैं। सर्वदा सूर्य माघ और श्रावण मासों में क्रमशः उत्तर एवं दक्षिण की ओर भ्रमण करता है।

स्वराक्रमेते सोमार्कौ यदा साकं सवासवौ।

स्यात् तदादियुगं माघस्तपः शुक्लोऽयनं ह्ययुदक्।। (याजुष. ज्यो. 6)

उत्तरायण - मकर से मिथुन पर्यन्त सूर्य उत्तरायण होता है।(माघ से आषाढ़) यह समय देवताओं का दिन माना जाता है। शिशिर वसन्त और ग्रीष्म ऋतुएँ उत्तरायण को सुशोभित करती हैं।

दक्षिणायण- सूर्य कर्क से धनु राशि पर्यन्त दक्षिणायन में रहता है।(श्रावण से पौष) सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करता है तब सूर्य दक्षिणायन होता है। वर्षा, शरद और हेमन्त तीन ऋतुएँ इस समय में अपनी सुषमा विखेरती हैं। इस अयन के अधिपति पितृ हैं। दक्षिणायन में उग्र देवताओं की प्रतिष्ठा, व्रत और उपवास का समय होता है। इस समय व्रत और उपासना करने से से रोग और कष्ट समाप्त होते हैं। इस समय विवाह और उपनयन आदि संस्कार वर्जित है, परन्तु **यदि सूर्य वृश्चिक राशि में हो तो अगहन् मास में ये सब किया जा सकता है। उत्तरायण में मीन मास में विवाह वर्जित है।**

अधिवर्ष में, चैत्र मे 31 दिन होते हैं और इसकी शुरुआत 21 मार्च को होती है। वर्ष की पहली छमाही के सभी महीने 31 दिन के होते है, जिसका कारण इस समय कांतिवृत्त में सूरज की धीमी गति है। महीनों के नाम पुराने, हिन्दू चन्द्र-सौर पंचांग से लिए गये हैं इसलिए वर्तनी भिन्न रूपों में मौजूद है और कौन सी तिथि किस कैलेंडर से संबंधित है इसके बारे मे भ्रम बना रहता है।

शक् युग, का पहला वर्ष सामान्य युग के 78 वें वर्ष से शुरु होता है, अधिवर्ष निर्धारित करने के शक् वर्ष मे 78 जोड़ दें- यदि ग्रेगोरियन कैलेण्डर में परिणाम एक अधिवर्ष है, तो शक् वर्ष भी एक अधिवर्ष ही होगा।

वर्ष को संवत्सर कहा जाता है। जैसे प्रत्येक माह के नाम होते हैं उसी तरह प्रत्येक वर्ष के नाम अलग अलग होते हैं। जैसे बारह माह होते हैं उसी तरह 60 संवत्सर होते हैं। संवत्सर अर्थात बारह महीने के कालविशेष को ही संवत्सर कहते हैं। भारतीय संवत्सर पाँच प्रकार के होते हैं। इनमें से मुख्यतः तीन हैं- सावन, चान्द्र तथा सौर।

60 संवत्सरों के नाम तथा क्रम इस प्रकार हैं-

प्रभवो विभवः शुक्लः प्रमोदोऽथ प्रजापतिः।

अङ्गिराः श्रीमुखो भावो युवा धाता तथैव च ।।

ईश्वरो बहुधान्यश्च प्रमाथी विक्रमो वृषः।

चित्रभानुः सुभानुश्चतारणः पार्थिवो व्ययः ।।

सर्वजित्सर्वधारी च विरोधीविकृतिः खरः।

नन्दनो विजयश्चैव जयो मन्मथदुर्मुखौ ।।

हेमलम्बी विलम्बी च विकारी शार्वरी प्लवः।

शुभकृच्छोभनः क्रोधी विश्वावसुपराभवौ ।।

प्लवङ्गः कीलकः सौम्यः साधारणो विरोधकृत्।

परिधावी प्रमादी च आनन्दो राक्षसोऽनलः ।।

पिङ्गलः कालयुक्तश्च सिद्धार्थी रौद्रदुर्मती ।

दुन्दुभी रुधिरोगारी रक्ताक्षी क्रोधनः क्षयः ।।

(1) प्रभव, (2) विभव, (3) शुक्ल, (4) प्रमोद, (5) प्रजापति, (6) अंगिरा, (7) श्रीमुख, (8) भाव, (9) युवा, (10) धाता, (11) ईश्वर, (12) बहुधान्य, (13) प्रमाथी, (14) विक्रम, (15) विषु, (16) चित्रभानु, (17) स्वभानु, (18) तारण, (19) पार्थिव, (20) व्यय, (21) सर्वजित, (22) सर्वधारी, (23) विरोधी, (24) विकृति, (25) खर, (26) नन्दन, (27) विजय, (28) जय, (29) मन्मथ, (30) दुर्मुख, (31) हेमलम्ब, (32) विलम्ब, (33) विकारी, (34) शर्वरी, (35) प्लव, (36) शुभकृत, (37) शोभन, (38) क्रोधी, (39) विश्वावसु, (40) पराभव, (41) प्लवंग, (42) कीलक, (43) सौम्य, (44) साधारण, (45) विरोधकृत, (46) परिधावी, (47) प्रमादी, (48) आनन्द, (49) राक्षस, (50) नल, (51) पिंगल, (52) काल, (53) सिद्धार्थ, (54) रौद्रि, (55) दुर्मति, (56) दुंदुभि, (57) रुधिरोद्गारी, (58) रक्ताक्ष, (59) क्रोधन (60) क्षय।

इस इकाई में पञ्चाङ्ग के घटकों को उदाहरण सहित विस्तृत रूप से समझाया गया हैं। जिससे छात्र सरल रूप से समझ सकें और पञ्चाङ्ग का उपयोग कर सकें।

भचक्र परिचय-भचक्र (राशि चक्र) का अर्थ राशि अथवा नक्षत्र होता है। इसी कारण राशियों के समूह को "भचक्र या राशिचक्र कहा जाता है। यह भचक एक कल्पित वृत्त है। इसी वृत्त के बीच से सूर्य का संक्रमण पथ गुजरता है। इसी कारण इसे क्रान्तिवृत्त कहा जाता है। इस वृत्त का विस्तार 360 अंश है। इसके 12 समान भाग करने पर प्रत्येक का मान 30 अंश होता है। भचक्र के इसी 30 अंश वाले एक भाग को राशि कहते हैं। 12 राशियाँ खचक्र की परिधि पर स्थित हैं। यह खचक्र अपनी धुरी पर दिन में एक बार पूर्व से पश्चिम की तरफ घूमता है। इसी भ्रमण के कारण राशियों का उदय व अस्त होता है। राशि भचक्र के 30 अंशात्मक एक भाग को राशि कहते हैं, इन राशियों की संख्या 12 हैं यथा-मेष /Aries, वृष/ Taurus, मिथुन /Gemini, कर्क/ Cancer, सिह /Leo, कन्या/ Virgo, तुला/ Libra,वृश्चिक/ Scorpio, घनु/ Sagittarius, मकर/ Caprice , कुम्भ/ Aquarius, मीन/ Pisces.

मेषवृषमिथुनकर्कटसिंहाः कन्या तुलाऽथवृश्चाककः।
धन्वी मकरः कुम्भो मीनास्विति राशिनामानि ।।

12 मीन	1 मेष	2 वृष	3 मिथुन
11कुम्भ			4 कर्क
10 मकर			5 सिंह
9 धनु	8 वृश्चिक	7 तुला	6 कन्या



जैसा कि भचक्र में आपने राशियों का ज्ञान प्राप्त किया इसी प्रकार भचक्र में 27 नक्षत्रों की स्थिति होती है।

सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्। दिवं च पृथिवीं चान्तरिक्षमथो स्वः ॥ (ऋ. 10.190.3)

सोम व सूर्य के नक्षत्रों में संचरण के गतागत विज्ञान को जो जानता है वह लोक में सन्तति, मन वाच्छित सफलता प्राप्त करते हुए, स्वर्गलोक में सुशोभित होता है। जैसा कि यजुर्वेद में कहा गया है-

सोमसूर्यस्तृचरितं विद्वान् वेद विदश्नुते।

सोमसूर्यस्तृचरितं लोकं लोके च सन्ततिम्।।43।।

लेकिन राशियों के अनुसार हम नक्षत्रों का अध्ययन करें तो मेष राशि के आरम्भ में अश्विनी तथा अन्तिम मीन राशि के अन्त में अन्तिम नक्षत्र रेवती स्थित है। प्रत्येक नक्षत्र का विस्तार 13 अंश व 20 कला होता है। इसके चार समान भाग होते हैं। इन्हें चरण या पाद कहते हैं। नौ चरणों अर्थात् सवा दो (2.1/2) नक्षत्रों से एक राशि बनती है। इन नक्षत्रों के प्रत्येक चरण के प्रतिनिधि के रूप में वर्णमाला के मात्रा सहित चार-चार अक्षर माने जाते हैं। जन्म के समय जिस नक्षत्र का जो चरण वर्तमान में होता है, उस चरण के अक्षर से शुरू होने वाला नाम शिशु का जन्म नाम माना जाता है। जैसा कि यजुर्वेद में कहा गया है-

नक्षत्रदेवता एता एताभिर्यज्ञकर्मणि।

यजमानस्य शास्त्रज्ञैर्नाम नक्षत्रजं स्मृतम्।।35।।

नक्षत्रों के नाम व उनके चरणाक्षर-

क्र.सं.	नक्षत्र	चरण	क्र.सं.	नक्षत्र	चरण
1.	अश्विनी	चू, चे, चो, ल	16	विशाखा	ति तु ते तो
2.	भरणी	लि लु ले लो	17	अनुराधा	न नी नु ने
3.	कृत्तिका	अ ई उ ए	18	ज्येष्ठा	नो या यि यु
4.	रोहिणी	ओ व वी वु	19	मूल	ये यो भा भी
5.	मृगशिरा	वे वो का की	20	पूर्वाषाढ़ा	भु थ भ ढ
6.	आर्द्रा	कु घ ङ छ	21	उत्तराषाढ़ा	भे भो ज जि
7.	पुनर्वसु	के को ह ही	22	अभिजित	जु जे जो श
8.	पुष्य	हु हे हो ड	23	श्रवण	शि शु शे शो
9.	आश्लेषा	डी डू डे डो	24	धनिष्ठा	ग गि गु गे
10.	मघा	म मी मु मे	25	शतभिषा	गो स सि सु
11.	पूर्वफाल्गुनी	मो टा टि टू	26	पूर्वभाद्रपद	से सो द दि

12.	उत्तरफल्गुनी	टे टो पा पी	27	उत्तरभाद्रपद	दु ख झ ध
13.	हस्त	पु ष ड ठ	28	रेवती	दे दो च चि
14.	चित्रा	पे पो र री			
15.	स्वाति	रू रे रो त			

इस प्रकार हम सामान्य भचक्र का ज्ञान कर सकेंगे-

जातकर्म-नामाकरण मुहूर्त्त- अष्टमी, चतुर्दशी, अमावस्या आदि पर्व और रिक्ता(4,9,14) तिथियों को त्यागकर अन्य तिथियों में तथा शुभ दिनों जन्म से ग्यारहवें अथवा बारहवें दिन **ध्रुव** (उत्तरफाल्गुनी, उत्तराषाड़ा, उत्तरभाद्रपद् रोहिणी) **मृदु**(मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा) **क्षिप्र**(अश्वनी, हस्त, पुष्य, अभिजित) एवं चर संज्ञक (स्वाती, पुष्य, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा और शतभिषा) नक्षत्रों में शिशु का (जन्म समय के समय न होने पर जातकर्म) नामाकरण संस्कार करना चाहिए।

जातकर्म संस्कार का प्रयोजन-

जातक की श्री वृद्धि हेतु और ग्रहदोष शान्ति के लिए शिशु के जन्म होते ही अवश्य करना चाहिए।

यथा- **प्राङ्नाभिवर्द्धनात् पुंसो जातकर्म विधीयते।।** मनु.

जन्म समय ही ग्रहशान्ति करना चाहिए क्योंकि सूतक प्रारम्भ नालच्छेदन के समय से प्रारम्भ होता है।

यावान्नोच्छिद्यते नालं तावन्नाप्नोति सूतकम्।।

छिन्ने नाले ततः पश्चात् सूतकं तु विधीयते।। जैमिनी

जातकर्म क्रियां कुर्यात् पुत्रायुः श्रीविवृद्धये।

ग्रहदोषविनाशाय सूतिकाऽशुभविच्छिदे।। भृगु

इकाई समाप्त

प्रश्न-1. पंचाग के कितने अङ्ग होते है? पाँच ।

प्रश्न-2. कितनी तिथियाँ होती हैं? तीस (30)।

प्रश्न-3. स्थिर करण कितने प्रकार के होते हैं ? **चार** (4)।

प्रश्न-4. ऋतुएँ कितने प्रकार की होती हैं? **छः प्रकार** (6)।

प्रश्न-5. तिथियों को संज्ञा दी गई है? **नन्दा-भद्रा - जया – रिक्ता- पूर्णा** ।

प्रश्न-6.गण्डान्त कितने प्रकार के होते हैं? **तीन (3)।तिथि- नक्षत्र- लग्न।**

प्रश्न-7. संवत्सर कितने होते हैं? 60 **संवत्सर**।

प्रश्न-8. तिथि, करण, विवाह, मुण्डन, जातकर्म व्रत-उपवास, यात्रा की क्रियाएँ तथा अन्य सभी कार्य, किस मान के अनुसार होते हैं? **चान्द्रमान से**।

प्रश्न-9. संक्रान्तियों का पुण्यकाल किस मान से ज्ञात किया जाता है? **सौरमान से** ।

प्रश्न-10. एक तिथि में कितने अंश होते हैं? 30 **अंश**।

निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्तस्थानों की पूर्ति कीजिए-

प्रश्न-1. तिथि का आधा .....होता है । **करण** ।

प्रश्न-2.सूर्य से चन्द्रमा के .....आगे जाने पर 1 तिथि होती है।**12 अंश**

प्रश्न-3. चैत्रादि..... होते हैं। 12 मास ।

प्रश्न-4. सूर्य कर्कादि छः राशियों में दक्षिण दिशा की ओर गमन .....तथा मकर आदि छः राशियों में उत्तर दिशा की ओर गमन .....काल कहलाता है। दक्षिणायन - उतरायण

बोध प्रश्न-

1. पचाङ्ग का सामान्य परिचय दीजिए?
2. गण्डान्त की विस्तार पूर्वक व्याख्या कीजिए?
3. उत्तरायण तथा दक्षिणायन में करने योग्य कार्यों की व्याख्या कीजिए?
4. चोरी गत (नष्ट द्रव्य) वस्तुओं का लाभालाभ विचार नक्षत्रों के आधार विस्तार पूर्वक वर्णन कीजिए?
5. पञ्चकों का विचार कैसे किया जाता है वर्णन कीजिए?
6. जन्म के समय नक्षत्र पादों का कैसे विचार किया जाता है?
7. तिथियों के अधिपतियों का तिथि सहित नाम लिखिए?

इकाईः 10, मूल सूत्रपाठ

जातकर्म, नामकरण संस्कार का गृह्यसूत्र अन्तर्गत मूलसूत्र पाठ

अथ षोडशकण्डिका-

सोष्यन्तीमद्भिरभ्युक्षति। एजतु दशमास्य इति, प्राग्यस्यैत इति। अथावरावपतनम्- अवैतु पृश्निशेवलꣳ शुने जराय्वत्तवे। नैवमासेन पीवरीं न कस्मिꣳश्चनायतनमवजरायुपद्यतामिति। जातस्य कुमारस्याच्छिन्नायां नाड्यां मेधाजननायुष्ये करोति। अनामिकया सुवर्णान्तर्हितया मधुघृते प्राशयति घृतं वा, भूस्त्वयि दधामि, भुवस्त्वयि दधामि, स्वस्त्वयि दधामि, भूर्भुवः स्वः सर्वं त्वयि दधामीति। अथास्यायुष्यं करोति। नाभ्यां दक्षिणे वा कर्णे जपति "अग्निरायुष्मान्त्सवनस्पतिभिरायुष्माꣳस्तेन त्वाऽऽयुषाऽऽयुष्मन्तं करोमि। सोम आयुष्मान्त्स औषधीभिरायुष्माꣳस्तेन त्वाऽऽयुषाऽऽयुष्मन्तं करोमि । ब्रह्मायुष्मत्तद्ब्राह्मणैरायुष्मत्तेन त्वाऽऽयुषाऽऽयुष्मन्तं करोमि। देवा अयुष्मन्तस्तेऽमृतेनायुष्मन्तस्तेन् त्वाऽऽयुषाऽऽयुष्मन्तं करोमि। ऋषय आयुष्मन्तस्ते व्रतैरायुष्मन्तस्तेन त्वाऽऽयुषाऽऽयुष्मन्तं करोमि। पितर आयुष्मन्तस्ते स्वधाभिरायुष्मन्तस्तेन त्वाऽऽयुषाऽऽयुष्मन्तं करोमि। यज्ञ आयुष्मान्त्स दक्षिणाभिरायुष्माꣳस्तेन त्वाऽऽयुषाऽऽयुष्मन्तं करोमि। समुद्र आयुष्मान्त्स स्रवन्तीभिरायुष्माꣳस्तेन त्वाऽऽयुषाऽऽयुष्मन्तं करोमि।

त्रिस्त्रिस्त्र्यायुषमिति च। स यदि कामयेत सर्वमायुरियादिति वात्सप्रेणैनमभिमृशेत्। दिवस्परीत्येतस्यानुवाकस्योत्तमामृच परिशिनष्टि। प्रतिदिशं पञ्च ब्राह्मणानवस्थाप्य ब्रूयादिममनुप्राणितेति । पुर्वी ब्रूयात् प्राणेति। व्यानेति दक्षिणः। अपानेत्यपरः। उदानेत्युत्तरः। समानेति पञ्चम उपरिष्टादवेक्षमाणो ब्रूयात्। स्वयं वा कुर्यादनुपरिक्राममविद्यमानेषु। स यस्मिन् देशे जातो भवति तमभिमन्त्रयते "वेद ते भूमि हृदयं दिवि चन्द्रमसि श्रितम्। वेदाहं तन्मां तद्विद्यात् पश्येम शरदः शतञ्जीवेम शरदः शतꣳ शृणुयाम शरदः शत मिति। अथैनमभिमृशति-"अश्मा भव परशुर्भव हिरण्यमस्तृतं भव। आत्मा वै पुत्रनामासि स जीव शरदः शत मिति । अथास्य मातरमभिमन्त्रयते "इळासि मैत्रावरुणी वीरे वीरमजीजनथाः। सा त्वं वीरवती भव यास्मान् वीरवतोऽकर "दिति । अथास्यै दक्षिणꣳ स्तनं प्रक्षाल्य प्रयच्छति "इम स्तन"मिति, "यस्ते स्तन" इत्युत्तरमेताभ्याम्। उदपात्रꣳ शिरस्तो निदधाति आपो देवेषु जाग्रथ यथा देवेषु जाग्रथ। एवमस्याꣳ सूतिकाया सपुत्रिकायाꣳ जाग्रथेति। द्वारदेशे सूतिकाग्निमुपसमाधायोत्थानात्सन्धिवेलयोः फलीकरणमिश्रान् सर्षपानग्नावावपति- "शण्डा मर्का उपवीरः शौण्डिकेय उलूकलः। मलिम्लुचो द्रोणासश्च्यवनो नश्यतादितः स्वाहा। आलिखन्न निमिषः किं

वदन्त उपश्रुतिर्हर्यक्षः कुम्भीशत्रुः पात्रपाणिर्नू मणिर्हन्त्रीमुखः सर्षपारुणश्च्यवनो नश्यतादितः स्वाहेति। यदि कुमार उपद्रवेज्जालेन प्रच्छाद्योत्तरीयेण वा पिताऽङ्क आधाय जपति- "कूर्कुरः सुकुर्कुरः कूर्कुरो बालबन्धनः। चेच्चेच्छुनक सृज नमस्ते अस्तु सीसरो लपेतापहर तत्सत्यम्। यत्ते देवा वरमददुः स त्वं कुमारमेव वा वृणीथाः । चेच्चेच्छुनक सृज नमस्ते अस्तु सीसरो लपेतापहर तत्सत्यम् । यत्ते सरमा माता सीसरः पिता श्यामशबलौ भ्रातरौ। चेच्चेच्छुनक सृज नमस्ते अस्तु सीसरो लपेतापहरेति । अभिमृशति न नामयति न रुदति न हृष्यति न ग्लायति, यत्र वयं वदामो यत्र चाभिमृशामसीति॥ इति षोडशकण्डिका ॥

अथ यमलजनने प्रायश्चित्तम् - अथातो यमलजनने प्रायश्चित्तं व्याख्यास्यामः। यस्य भार्या गौर्दासी महिषी वडवा वा विकृत प्रसवेत् प्रायश्चित्ती भवेत्। पूर्णे दशाहे चतुर्णां क्षीरवृक्षाणां कषयमुपसꣳहरेत्। प्लक्षवटौदुम्बराश्वत्थशमी देवदारु गोरसर्षपास्तेषामयो मिश्रꣳ हिरण्यदूर्वाङ्कुराम्रपल्लवैरष्टौ कलशान् प्रपूर्य सर्वौषधीनां च दम्पती स्नापयित्वा "आपो हिष्ठे"ति तिसृभिः कया नश्चित्र इति द्वाभ्यां पञ्चैन्द्रेण पञ्च वारुणेनेदमापः प्रवहतेत्यापाद्यमितिः स्नापयित्त्वाऽलङ्कृत्य तौ दर्भेषूपवेश्य तत्र मारुतꣳ स्थालीपाकꣳ श्रपयित्वाऽऽज्यभागाविष्ट्वाऽऽज्याहुतीर्जुहोति पूर्वोक्तैः स्नपनमन्त्रैः । स्थालीपाकस्य जुहोति अग्नये स्वाहा, सोमाय स्वाहा, पवमानाय स्वाहा, पावकाय स्वाहा, मरुताय स्वाहा, मारुताय स्वाहा, मरुद्भ्यः स्वाहा, यमाय स्वाहा, न्तकाय स्वाहा, मृत्यवे स्वाहा, ब्रह्मणे स्वाहा, ऽग्नये स्विष्टकृते स्वाहेति । एतदेव गृहोत्पातेषूलूककपोतगृध्रः श्येनो वा गृहं प्रविशेत्स्तम्भः प्रोरोहेद्वल्वीक मधुजालं वा भवेदुदकुम्भप्रज्वलनासन शयनयानभङ्गेषु गृहगोधिका कृकलास शरीरसर्पण इत्येवं छत्रध्वजविनाशे सार्पे नैऋते गण्डयोगेष्वन्येष्वप्युत्पातेषु भूकम्पोल्कापात काकसर्पसङ्गमप्रेक्षणादिष्वेतदेव प्रायश्चित्तं गृहशान्त्युक्तेन विधिना कृत्वाऽचार्याय वरं दत्वा ब्राह्मणान्भोजयित्वा स्वस्तिवाच्याशिषः प्रतिगृह्य शान्तिर्भवति ॥

अथ मारुत-यमल-चरुविधानम्-

अथ यमलचरु मारुतं व्याख्यास्यामः। यस्य च यमलौ पुत्रौ दारिका वा प्रजायेत पूर्णे दशाहे चतुर्णां क्षीरवृक्षाणा काषायमाहृत्याश्वत्थप्लक्षन्यग्रोधौदुम्बराश्चत्वारोऽविधवाः स्नापयति ब्रह्मचारिणो वा शुक्लवससे ऐन्द्रीदिशमुदीचीं वा मङ्गलं पूर्ववदगायन्त्यो यमलिनीर स्नापयन्ति। आचार्यः स्नापयति "वसोः पवित्रेण शतधारेण चाष्टभिः कलशैः। स्नात्वाप्रतिरथं जपेत् इदमापः प्रवहतेति च। तौ स्नापितौ वरं

प्रयच्छत्यनड्वहमातृभ्यश्च हिरण्यं वस्त्रमेव परितोषणम्। वाजेवाजेऽवतेति जपति। आधारं मारुतं चरुं जुहोति मरुताय स्वाहा, मारुताय स्वाहा, मरुभ्यो विष्णवे प्रजापतये विश्वेभ्यो देवेभ्योऽग्नये स्विष्टकृते स्वाहेति। प्राशनान्ते शेषं चरु गृहीत्वाऽश्वत्थं प्रदक्षिणीकृत्योपविशेत्। तदेव तन्त्रꣳ समाप्य। ततो ब्राह्मणभोजनम् ॥ इति मारुत-यमल-चरुविधानम्॥

अथ मूलविधिः-

अथातो मूलविधिं व्याख्यास्यामः। मूलांशे प्रथमे पितुर्नेष्टो द्वितीये मातुस्तृतीये धनधान्यस्य चतुर्थे कुलशोका वध वय पुण्यभागी स्यात्। मूलनक्षत्रे मूलविधानं कुर्यात्। सर्वौषध्या सर्वगन्धैश्च संयुक्त तत्रोदकुम्भं कृत्वा मूलनमान पुष्यरत्नसहितꣳ श्वेतसिद्धार्थकुसुमायुक्तं कुर्यात्। तस्मिन रुद्राग्ञपित्वाप्रतिरथꣳ रक्षोघ्नं च सूक्तम्। द्वितीयोदकुम्भं कृत्वा सद्यः श्रग्रवणसंयुक्त तस्मिन्नुपरिष्टान्मूलानि धारयेद्वशापाचे कृत्वा वस्त्रे बध्या। तस्मिन् प्रधानानि मूलानि वक्ष्याम्यष्टादशमाषꣳ हिरण्यमूलꣳ सप्तधान्यानि प्रथमा कार्म्मर्ष्या सहदेव्यपराजिता बालापाठा शङ्खपुष्प्यधोपुष्टी मधुयष्टिका चक्राङ्कितामयूरशिखा काकजङ्घा कुमारीद्वयं जीवन्त्यपामार्गभृङ्गराजलक्ष्मणा सुलक्ष्मणा जाति व्याघ्रपत्रश्चक्रमर्दकः सिद्धेश्वरोऽश्वत्थौदु म्बरपलाशप्लक्षवटार्क दूर्वारोहितशमीशतावरीत्येवमादि मूलशत पूरयित्वा तस्मिन्निषिद्धानि मूलानि वक्ष्यामि। बैल्वधवनिम्बकदम्बराजवृक्षोक्षशालाप्रियालु दधिकपित्थकोविदारश्लेष्मातक बिभीतकशाल्मलिररलुसर्वकण्ठकिवर्जम्। तत्राभिषेकं कुर्यात्पितुः शिशोर्जनन्या देवस्य त्वेति। औदुम्बर्यासन्दीमुदगग्रामान्नन्तृणाति । तत्रासीनान्त्सम्यातेनैके नाभिषिञ्चति शिरसोऽध्यनुलोम शिरो मे श्रीर्यशो मुखमिति च यथालिङ्गमङ्गानि सम्मृशति। स्नानादूर्ध्वं नैऋतꣳस्थालीपाकꣳ श्रपयित्वा, कार्म्मर्यमय सुक्खुवं प्रतप्य समृज्यान्वारब्धः आघारावाज्यभागौ हुत्वासुन्वन्तमिति चतस्रः स्थालीपाकेन जुहुयात् पञ्चदशाज्याहुतीश्चतुर्गृहीतेन जुहोति कृणुष्व पाज इति पञ्च, मा नस्तोक इति द्वे, या ते रुद्र शिवा तनूरिति षट्, अग्निरक्षाꣳसि सेधति- शुक्रशोचिरमर्त्यः शुचिः पावक ईड्य इति त्वन्नः सोम विश्वतो रक्षा राजन्नघायतो नरिष्ये त्वावतः सखेति। स्विष्टकृदादा प्राशनान्ते गौः कृष्णाश्च तिलाः हेममयमूलꣳ सप्तधान्यसंयुक्तमाचार्याय वरं दद्यात्। कृष्णोऽनड्वान् ब्राह्मणे दद्यात् । नक्षत्रसूचकेभ्यो वासो दद्यात् । अन्येभ्यो बाह्मणेभ्यः सुवर्णं दद्यात् । कृष्णागोपाय सेन ब्राह्मणान् भोजयेत् । सार्पदैवते गण्डजातानामेष एव विधिः कात्यायनेनोक्तः ॥ इति मूलविधिः ॥

अथ सप्तदशकण्डिका नामकरण

दशम्यामुत्थाप्य ब्राह्मणान् भोजयित्वा पिता नाम करोति। द्व्यक्षर चतुरक्षर वा घोषवदाद्यान्तरन्तस्थं दीर्घाभिनिष्ठानं कृतं कुर्यान्न तद्धितम्। अयुजाक्षरमाकारान्तः१ स्त्रियै तद्धितम्। शर्म ब्राह्मणस्य, वर्म क्षत्रियस्य, गुप्तेति वैश्यस्य। चतुर्थे मासि निष्क्रमणिका। सूर्यमुदीक्षयति "तच्चक्षु" रिति॥

इति सप्तदशकण्डिका ॥

सहायक ग्रन्थसूची-

- वैदिक साहित्य का इतिहास
- रामकृष्ण विरचित,संस्कार गणपति, पण्डित ढुण्ढिराज शास्त्री,चौखम्बासंस्कृत सीरिज् वाराणसी
- धर्मशास्त्रे षोडश संस्काराः(रा.सं.विद्यापीठ.तिरुपति)
- बृहत् ब्रह्मकर्मसमुच्चय(यज्ञदत्तदुर्गाशंकर शास्त्री)
- मुहूर्त्तचिन्तामणि
- पारस्करगृह्यसूत्र, डॉ. बह्मानन्द त्रिपाठी, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी
- गोभिलगृह्यसूत्र, श्री चिन्तामणी भट्टाचार्य, मुनसीराम मनोहरलाल प. पीवीटी, टीटीडी. दिल्ली
- सूर्यसिद्धान्त, प्रो. रामचन्द्र पाण्डे, चौखम्बा सुरभारती, प्रकाशन वाराणसी

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन (म.प्र.)

(शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार)

द्वारा सञ्चालित एवं प्रस्तावित राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन (म.प्र.)

(शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार)

वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण, पो. ऑ. जवासिया, उज्जैन - ४५६००६ (म.प्र.)

Phone : (0734) 2502266, 2502254, E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website - www.msrvvp.ac.in